बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 234 | शनिवार 14 दिसंबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## गुजरात में फर्जी ED टीम का भंडाफोड़



**अहमदाबाद।** गुजरात में एक फर्जी ईडी टीम पकड़ी गई है। इस फर्जी ईडी टीम का सरगना अब्दुल सत्तार है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि अब्दुल सत्तार आम आदमी पार्टी का नेता है। वह ईडी की नकली टीम बनाकर, उसका कैप्टन बनकर लोगों को लूट रहा था। पुलिस ने कच्छ में इस टीम को पकड़ा है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने अपने एक्स अकाउंट पर यह जानकारी साझा की है। उन्होंने एक्स पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ सत्तार की तस्वीरें भी पोस्ट कीं और उन्हें कैप्शन लिखा, 'केजरीवाल के चेलों की असली करतूत'।

# पीएम मोदी ने मां सरस्वती का दुग्धाभिषेक कर

## निर्मल-अविरल जलधारा' के संकल्प को किया साकार



**महाकुम्भनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज में संगम तट पर पूजन-अर्चन तथा अक्षय वट, बड़े हनुमान मंदिर व सरस्वती कूप में दर्शन-पूजन के साथ ही इनसे जुड़े कॉरिडोर्स का निरीक्षण व लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सरस्वती कूप आकर यहां स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का जल व गो-दुग्ध से विधिवत अभिषेक किया। उन्होंने दीप अर्पित करते हुए माता सरस्वती की प्रतिमा को शहद व पुष्प अर्पित किए। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा और योगी सरकार के कुशल क्रियान्वयन के जरिए पूर्ण हुए सरस्वती कॉरिडोर का भी अवलोकन कर इसे जनमानस के लिए लोकार्पित किया।यह सर्व विदित है कि तीर्थराज प्रयागराज में गंगा-यमुना व सरस्वती नदियों का पावन संगम होता है।

इस संगम में धवल वर्णा गंगा तथा श्यामल-नील वर्णा यमुना का संगम तो स्पष्ट दिखता है, लेकिन सरस्वती अदृश्य रूप से इस त्रिवेणी संगम को पूर्ण करती हैं।


सरस्वती नदी का स्वरूप सरस्वती कूप में विद्यमान है, जिसकी पूजा-आराधना सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। तीनों ही मोक्षदायनी नदियों के पवित्र जल को स्वच्छता के प्रतिमानों के अनुरूप अविरल और महाकुम्भ में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए सुलभ बनाने की अवधारणा को प्रधानमंत्री मोदी साकार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुगलकालीन किले के अंदर स्थित सरस्वती कूप का दर्शन काफी वर्षों से कुम्भ श्रद्धालुओं के लिए सुलभ नहीं था। वर्ष 2019 में योगी सरकार द्वारा आयोजित कुम्भ में पहली बार सरस्वती कूप का दर्शन श्रद्धालुओं के लिए सुलभ हो पाया। अब प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सरस्वती कूप का लोकार्पण किया गया, जिसके जरिए आम जनता अब नवनिर्मित कॉरिडोर से होकर कूप के दर्शन कर सकेंगे।

## नितिन गडकरी ने मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले विचार का समर्थन किया है।



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि जाति के नाम पर चुनाव जीतने वाले लोग अपने समुदाय के लिए कुछ नहीं करते, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव में उतारने के लिए टिकट मांगते हैं। एक मीडिया ग्रुप के आयोजन में गडकरी ने कहा कि अब राजनीति में समस्या यह है कि पिछड़ापन एक राजनीतिक हित बन गया है। इसलिए हर कोई यह साबित करना चाहता है कि वह पिछड़ा है। मंत्री ने कहा कि जिनके पास लोगों को दिखाने के लिए कोई काम नहीं है, वे जाति के नाम पर चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं।गडकरी ने कहा कि मुझे एक उदाहरण बताइए, जब किसी ने जाति के नाम पर चुनाव जीता हो और फिर अपने समुदाय के कल्याण के लिए काम किया हो? चुनाव जीतने के बाद वे अपनी पत्नी और बच्चों के लिए टिकट मांगते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं के कल्याण और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए। गडकरी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कभी जाति के बारे में बात नहीं की। उन्होंने कहा कि राजनीति मेरा पेशा नहीं है। यह सामाजिक-आर्थिक सुधार का एक साधन है। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि सामाजिक सेवा और अच्छे काम से जनता का समर्थन जीतने में मदद मिलेगी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की 3-बच्चों की वकालत पर गडकरी ने कहा कि हालांकि वह इस विचार से सहमत हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि देश में जनसंख्या वृद्धि को भूमि, पानी, बिजली और अन्य संसाधनों के साथ जोड़कर देखा जाए।

## [सुविचार]




## संक्षिप्त समाचार

### जमानत के बावजूद जेल में रात बिताएंगे अल्लू अर्जुन



**हैदराबाद।** तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन हैदराबाद में अपनी फिल्म पुष्पा 2ः द रूल के प्रीमियर के दौरान भगदड़ के दौरान एक महिला की मौत के मामले में गिरफ्तारी के बाद जमानत की औपचारिकताएं पूरी करने में देरी के कारण शुक्रवार की रात जेल में बिताएंगे। हालांकि तेलंगाना हाईकोर्ट ने उन्हें पहले ही दिन अंतरिम जमानत दे दी थी, लेकिन कुछ प्रक्रिया में देरी और अधीक्षक के उस दिन छुट्टी पर चले जाने के कारण उनकी रिहाई नहीं हो पाई। उम्मीद है कि उन्हें कल सुबह रिहा कर दिया जाएगा।बड़ी संख्या में अभिनेता के प्रशंसक जेल के बाहर उनकी रिहाई का इंतजार कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन के वकीलों ने उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार जेल अधिकारियों को जमा करने के लिए 50,000 रुपये के दो निजी बांड तैयार किए थे। विगत 4 दिसंबर को संध्या थियेटर में हुई भगदड़ में एक महिला की मौत और उसके बच्चे के घायल होने के मामले में टालीवुड अभिनेता अल्लू अर्जुन के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 105, 118(1) के तहत केस दर्ज किया और इसी मामले में उन्हें शुक्रवार को उनके जुबली हिल्स स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन्हें चिकडपल्ली पुलिस स्टेशन ले गई।

# अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता पर जमकर साधा निशाना




**नई दिल्ली।** भाजपा के आइटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने प्रियंका गांधी को अपने भाई राहुल गांधी के राजनीतिक करियर के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद प्रियंका के लोकसभा में पहले भाषण को अगर कोई संकेत माना जाए तो वह सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के राजनीतिक करियर के लिए सबसे बड़ा खतरा हो सकती हैं।प्रियंका ने शुक्रवार को सदन में संविधान पर चर्चा के दौरान 32 मिनट तक हिंदी में भाषण दिया। लोकसभा में उनका यह पहला संबोधन था।मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'अगर प्रियंका गांधी वाड्रा के पहले संबोधन का कोई संकेत माना जाए तो वह राहुल गांधी के राजनीतिक करियर के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। न केवल भावी उत्तराधिकारी बल्कि किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में सार्वजनिक चर्चा का स्तर ऊपर उठाने में वह उनसे आगे निकल सकती हैं।' लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को पहली बार भाषण दिया। प्रियंका ने कहा कि वाद विवाद की संस्कृति हमारी दशकों पुरानी है। उन्होंने कहा कि इसी परंपरा से हमारा स्वतंत्रता संग्राम उभरा और आजादी की लड़ाई लड़ी गई। उन्होंने कहा कि इस आजादी की लड़ाई में एक आवाज उठी और वो देश की आवाज थी जो आज हमारा संविधान है। प्रियंका ने इस दौरान यूपी की योगी सरकार को भी खूब घेरा। प्रियंका गांधी ने अपने पहले भाषण में यूपी के संभल हिंसा का भी मुद्दा उठाया। संविधान पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि एक 17 साल का बच्चा अदनान मेरे पास आया था, वो संभल हिंसा का पीड़िता था। उन्होंने कहा वो एक टेलर का बेटा था जो हर रोज अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जाते थे।

## अरविंद केजरीवाल आगामी मुनाव नई दिल्ली सीट से ही लड़ेंगे



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। आप सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी नई दिल्ली सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। केजरीवाल ने कहा कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में मुकाबला मुख्यमंत्री पुत्रों और आम आदमी के बीच होगा।कांग्रेस ने तीन बार की सीएम शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को मैदान में उतारा है, जबकि बीजेपी उनके खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे परवेश वर्मा को मैदान में उतार सकती है। एक निजी चैनल के कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी किसी अन्य सीट पर नहीं जाएंगी और अपने कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी।जब उनसे सीट बदलने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ₹कोई बदलाव नहीं होगा। मैं नई दिल्ली सीट से और मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी से चुनाव लड़ेंगी।₹ केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी उनके नाम पर दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ रही है और दावा किया कि उनकी पार्टी अच्छे जनादेश के साथ चौथी बार सत्ता में आएगी। केजरीवाल ने कहा, ₹यह चुनाव केजरीवाल के नाम पर लड़ा जा रहा है और मैं दिल्ली का मुख्यमंत्री बनूंगा।₹नई दिल्ली सीट से ही चुनाव लड़ेंगे केजरीवाल

# कनाडा में तीन भारतीय छात्रों की हत्या



**नई दिल्ली।** कनाडा में पिछले सप्ताह तीन भारतीय छात्रों की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने कनाडा के अधिकारियों के समक्ष भारतीयों की सुरक्षा का मामला उठाया है। भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'पिछले एक सप्ताह में हमारे यहां दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदियां हुई हैं। तीन भारतीय छात्रों की हत्या कर दी गई है। कनाडा में हमारे नागरिकों के साथ हुई इन भयानक त्रासदियों से हम दुखी हैं।' 'मदद के प्रयास में जुटा है उच्चायोग' उन्होंने कहा, 'हम शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। टोरंटो और वैंकूवर में हमारे उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास इस मामले में हर संभव मदद कर रहे हैं।' जायसवाल ने कहा कि उस देश में भारतीय मिशन घटनाओं की गहन जांच के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।उन्होंने कहा, 'उनके, खास तौर पर भारतीय छात्रों के सामने आने वाले मुद्दों को हमारे उच्चायोग और वाणिज्य दूतावासों द्वारा नियमित आधार पर संबंधित कनाडाई अधिकारियों के समक्ष उठाया जाता है। हमने अपने नागरिकों और भारतीय छात्रों को अत्यधिक सावधानी बरतने और कनाडा में सुरक्षा माहौल के बिगड़ने के मद्देनजर सतर्क रहने के लिए एक सलाह भी जारी की है, क्योंकि घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।'

# न्यायपालिका में दिखावेपन के लिए कोई स्थान नहीं-सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि न्यायाधीशों को एक संत जैसा जीवन जीना चाहिए तथा पूरी मेहनत से काम करना चाहिए। साथ ही उन्हें इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल से बचना चाहिए। यही नहीं, शीर्ष कोर्ट ने कहा कि जजों को निर्णयों के बारे में कोई राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए।जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह मौखिक टिप्पणी की। पीठ मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा दो महिला न्यायिक अधिकारियों की बर्खास्तगी से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि न्यायपालिका में दिखावेपन के लिए कोई स्थान नहीं है। बर्खास्त महिला न्यायाधीशों में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर बसंत ने पीठ के विचारों को दोहराते हुए कहा कि किसी भी न्यायिक अधिकारी या जज को न्यायिक कार्य से संबंधित कोई भी पोस्ट फेसबुक पर नहीं डालनी चाहिए। यह टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल, जोकि न्यायमित्र हैं, द्वारा बर्खास्त महिला न्यायाधीश के खिलाफ विभिन्न शिकायतें पीठ के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद आई।अग्रवाल ने पीठ को बताया कि महिला न्यायाधीश ने फेसबुक पर भी एक पोस्ट डाली थी। ग्यारह नवंबर, 2023 को शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार द्वारा छह महिला सिविल न्यायाधीशों की बर्खास्तगी का स्वतः संज्ञान लिया था। हालांकि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की पूर्ण बेंच ने एक अगस्त को अपने पहले के प्रस्तावों पर पुनर्विचार किया और चार अधिकारियों ज्योति वरकड़े, सुश्री सोनाक्षी जोशी, सुश्री प्रिया शर्मा और रचना अतुलकर जोशी को कुछ शर्तों के साथ बहाल करने का फैसला किया था जबकि अन्य दो अदिति कुमार शर्मा और सरिता चौधरी को इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया था। शीर्ष अदालत इन दोनों न्यायाधीशों के मामलों पर ही विचार कर रही है। धार्मिक स्थलों पर दावे को लेकर मुकदमेबाजी पर फिलहाल विराम लग गया है। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की अदालतों को निर्देश दिया है कि जब तक शीर्ष अदालत में पूजा स्थल कानून का मामला लंबित है तब तक अदालतें धार्मिक स्थल पर दावे के नए मुकदमे पंजीकृत नहीं करेंगी और न ही लंबित मुकदमों में कोई प्रभावी अंतरिम या अंतिम (फाइनल) आदेश देंगी। सर्वे का भी आदेश नहीं दिया जाएगा।

# केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने कहा, किसी भी देश ने सेटेलाइट स्पेक्ट्रम की नीलामी नहीं की।




**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि सेटेलाइट स्पेक्ट्रम का आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर नहीं किया जाएगा। 2जी सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम का आवंटन इसी तरीके से हुआ था, जिस पर काफी विवाद हुआ था।इंडिया इकोनमिक कॉन्क्लेव में बोलते हुए सिंधिया ने कहा कि सेटेलाइट स्पेक्ट्रम की नीलामी करना संभव नहीं है। इसका कारण यह है कि इससे विज्ञान जुड़ा हुआ है और किसी भी देश ने इसके लिए रेडियो तरंगों की नीलामी नहीं की है।उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है, जो सेटेलाइट स्पेक्ट्रम की नीलामी करता हो, क्योंकि इसकी नीलामी करना भौतिक रूप से असंभव है। अगर आप आर्थिक तर्क लाते हैं तो फिर आप इसे प्रशासनिक रूप से कैसे आवंटित करेंगे? मूल्य निर्धारण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर नहीं होने जा रहा है। ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। दूरसंचार मंत्री ने कहा कि दूरसंचार नियामक ट्राई आवंटन की कीमत तय करेगा और उसके आधार पर लाइसेंस पाने वाले हरेक व्यक्ति को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा। दरअसल, परंपरागत दूरसंचार सेवाएं मुहैया करा रही कंपनियों ने सेटेलाइट स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के बगैर प्रशासनिक स्तर पर ही किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया है।हालांकि, सरकार ने लगातार इसकी नीलामी से इन्कार किया है। दूरसंचार मंत्री ने घाटे में चल रही सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के बारे में कहा कि यह कंपनी 2021 से परिचालन लाभ कमा रही है और उसका राजस्व भी लगभग 12 प्रतिशत बढ़कर 21,000 करोड़ रुपये हो गया है। बीएसएनएल ने स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकी पर आधारित नेटवर्क शुरू करने का विकल्प चुना था, जिसकी वजह से उसे 4जी सेवाओं की पेशकश करने में थोड़ी देर हुई है। उन्होंने कहा कि जून 2025 तक देश के हर कोने में दूरसंचार कनेक्टिविटी उपलब्ध हो जाएगी।

# गुकेश- शह और मात का नया शहंशाह



डॉ. आर.के. सिन्हा

**आज सारे भारत का बच्चा - बच्चा डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक गौरवशाली इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। गुकेश कैसे बन गए विश्व शतरंज चैंपियन? इसी विषय पर यह आलेख।**

सारा भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी इतनी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और उनकी ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास करके अपनी क्षमताओं को निखारा है।

गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया।

रणनीतिक गहराईः

गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं।

गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा



करने का अनुभव मिला है।

उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है और उन्हें विभिन्न स्थितियों के लिए तैयार किया गया है। गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक है।

उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है।

इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों ही भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं।

दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं।

दोनों ही खिलाड़ी अपनी रणनीतिक गहराई के लिए जाने जाते हैं। वे न केवल तात्कालिक लाभ पर ध्यान देते हैं, बल्कि लंबी अवधि की योजनाओं को भी ध्यान में रखते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में दृढ़ संकल्प है और वे कभी भी हार नहीं मानते हैं। उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी की है और जीत हासिल की है।

दोनों ही खिलाड़ी अपनी शालीनता और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं। वे हारने पर भी सम्मान बनाए रखते हैं। विश्वनाथन आनंद एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जो 90 के दशक से खेल रहे हैं, जबकि गुकेश एक युवा और उभरते हुए खिलाड़ी हैं। आनंद ने कंप्यूटर युग से पहले शतरंज खेला, जबकि गुकेश का विकास कंप्यूटर के युग में हुआ है।

आनंद अपनी तेज और आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं, जबकि गुकेश एक अधिक रणनीतिक और रक्षात्मक खिलाड़ी हैं। आनंद त्वरित चालों और जटिलताओं में माहिर हैं, जबकि गुकेश स्थिति को नियंत्रित करने और धैर्यपूर्वक आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

जाहिर है, आनंद के पास खेल का अधिक अनुभव है और उन्होंने कई विश्व चैंपियनशिप जीती हैं, जबकि गुकेश अभी भी अपने करियर के शुरूआती चरण में हैं। आनंद ने दशकों तक शीर्ष स्तर पर खेला है, जबकि गुकेश अभी भी वैश्विक शतरंज समुदाय में अपनी जगह बना रहे हैं।

आनंद एक अधिक सहज और रचनात्मक खिलाड़ी हैं, जबकि गुकेश अधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक खिलाड़ी हैं। आनंद स्वाभाविक रूप से प्रेरित होकर खेलते हैं, जबकि गुकेश अपनी तैयारी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

भारत में शतरंज पहले से ही काफी लोकप्रिय है, लेकिन गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों के उदय से यह और भी लोकप्रिय हो सकता है।गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों की सफलता से युवा पीढ़ी को शतरंज में रुचि लेने की प्रेरणा मिलेगी। युवाओं के लिए एक आदर्श मॉडल होने से अधिक युवा शतरंज खेलने के लिए आकर्षित होंगे।

ऑनलाइन शतरंज प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर विश्लेषण उपकरणों की उपलब्धता से खेल अधिक सुलभ हो गया है। इंटरनेट के माध्यम से सीखने और खेलने के विकल्पों ने शतरंज को अधिक सुविधाजनक बना दिया है। शतरंज को अब पहले से अधिक मीडिया कवरेज मिल रहा है, जिससे खेल के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। प्रमुख समाचार चैनलों और खेल वेबसाइटों पर शतरंज की घटनाओं को कवर किया जा रहा है।

शतरंज को अब स्कूलों में एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में मान्यता दी जा रही है, जिससे बच्चों को खेल के लाभों का अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे और लोकप्रिय बनाया जा सकता है।

शतरंज में प्रायोजन में वृद्धि से खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी। प्रायोजकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी। गुकेश का विश्व चैंपियन बनना भारत में शतरंज को और लोकप्रिय बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया जाएगा और शतरंज में करियर बनाने के लिए एक नया रास्ता खुलेगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### संसद में दलदल

संसद बुरी तरह निराश कर रही है। लोगों की अपेक्षाएं ध्वस्त हो रही हैं। लोक सभा में इस समय जो हो रहा है, वैसे तो वह लंबे समय से सिलसिला बना हुआ है, लेकिन अब लगता है कि संसद को, संसद की गरिमा को और संसद के प्रति जन आस्था को जिस दल-दल में फंसा दिया गया है, वहां से इसका उबरना या अपने धवल रूप में बाहर आना संभव नहीं रह गया है। संसद के इस तरह निरर्थक बना देने के लिएन कोई एक व्यक्ति जिम्मेदार है, न कोई एक दल और न कोई एक मुद्दा। हर मुद्दा विवादित, हर व्यक्ति उत्तेजित और हर दल आक्रामक है। सरकार संसद न चलने देने के लिए विपक्ष पर आरोप लगाती रहती है, और विपक्ष इसके लिए सरकार को कठघरे में खड़ा करता रहता है। सभापति या अध्यक्ष जैसे जिन पदों पर तटस्थ, निष्पक्ष और निर्णायक भूमिका में बने रहने की अपेक्षा होती है, वे ड़गमगाहट के शिकार होने लगे हैं। ऐसा पहली बार है कि राज्य सभा के सभापति के विरुद्ध विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। यह घटना अब तक के संसदीय इतिहास की अपनी तरह की पहली घटना है, और इसे काले धब्बे की तरह याद किया जाएगा। विपक्ष का आरोप है कि उपराष्ट्रपति एवं राज्य साभा के सभापति जगदीप धनखड़.विपक्ष के नेताओं को बोलने नहीं देते। नेता विपक्ष के प्रति अवांछित भाषा एवं व्यवहार को बढ़ावा देते हैं। भाजपा के प्रवक्ता के बतौर काम करते हैं। सरकार के झूठ का खंड़न नहीं करने देते। ऐसे सभापति को पद पर नहीं रहना चाहिए। सरकार इसे विपक्ष की अतिवादिता बताती है, और विपक्ष का निम्न आचरण करार देती है। सरकार और विपक्ष के बीच यह ऐसा गतिरोध है जिसका कोई समाधान नहीं है। विपक्ष को पता है कि राज्य सभा में उसके पास संख्याबल नहीं है, और अविश्वास प्रस्ताव को गिर जाना है, लेकिन शायद विपक्ष इस प्रस्ताव की भावी दुष्परिणति की कल्पना नहीं कर पा रहा है। इसने सरकार को और अधिक थेथर बना दिया है। हो सकता है कि वह अपने सभापति के किसी आचरण या विशेष कृत्य को उचित न मानती हो, लेकिन कमर कस के सभापति के पक्ष में खड़ी रहेगी और संसद चले या नहीं चले, विपक्ष की मंशा पूरी नहीं होने देगी। विपक्ष को यह प्रस्ताव लाने से बचना चाहिए था। इससे उसने न अपना भला किया है, और न संसद का, न लोकतंत्र का और न देश की जनता का।



## चिंतन-मनन

### दुखः भी सहें

आज स्थिति यह है कि महात्मा बनना तो सब चाहते हैं, पर उनके अनुरूप कार्यो से जी चुराते हैं। बलिदान करने के समय हिचकिचाते हैं, वे महान कैसे बन सकते हैं। बादशाह ने सुना, मेरे राज्य में स्थान-स्थान पर रामायण का पारायण हो रहा है। उसे झुंझलाहट हुई। वह कहने लगा- मेरे शासन में राम के गीत गाए जाएं ऐसा क्यों? उत्तर मिला-यहां हिन्दुओं की संख्या अधिक है। कुछ सोचकर बादशाह बोला, समुद्र में रहते हैं मगरमच्छ से वैर। मेरे राज्य में मेरी रामायण चलेगी। बादशाह ने वाकई में अनेक पण्डितों को बुलाकर अपनी रामायण बनाने का आदेश दे दिया, पंडित असमंजस में पड़ गए। करते भी क्या? आखिर उन्हें एक उपाय सूझा। कई दिन बीतने के बाद वे बादशाह के पास गए।

बादशाह- क्या मेरी रामायण तैयार हो गई?

पंडित- जहांपनाह! रामायण करीब-करीब पूरी होने वाली है पर एक बात अधूरी है उसके बिना रामायण पूरी नहीं होगी।

बादशाह- वह क्या है?

पंडित- रामायण में राम की पत्नी सीता को रावण चुरा कर ले गया था। आपकी कौन-सी बेगम को कौन चुरा कर ले गया!

बादशाह- (प्रोध में आकर) मेरी बेगम को क्यों ले जाए? टुकड़े-टुकड़े कर दो, ऐसी रामायण मुझे नहीं चाहिए। उसने नई रामायण बनवाने का विचार त्याग दिया।

कहने का आशय यह है कि आज भी प्रायः व्यक्ति अपनी रामायण (प्रशस्ति) चाहते हैं, पर कष्ट देखना, सहना कोई नहीं चाहता। महात्मा गांधी बनने को सब तैयार हैं, लेकिन गोली खाने के लिए कौन तैयार है?

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस : ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी



योगेश कुमार गोयल



ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन एक विशेष थीम के साथ किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की इस वर्ष की थीम है 'स्थायित्व को बढ़ावा देनाः हर वाट मायने रखता है'। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्त्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाईट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि किस प्रकार छोटे-छोटे स्तर पर ऊर्जा संरक्षण के लिए कदम उठाकर भी प्रत्येक नागरिक देश के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान में बहुत बड़ी मदद दे सकता है और इस प्रकार बड़ी मात्रा में ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। अगर ऐसे ही कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है, वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बबार्दी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा। देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि ऊर्जा चाहे किसी भी रूप में हो, वह उसे व्यर्थ में नष्ट न करे। अपने और आने वाली पीढ़ियों के सुखद भविष्य के लिए हमें अपने व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण की आदतों को शामिल करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा पर्यावरण पर चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

# संसद : कैसे खत्म हो गतिरोध



रजनीश कपूर

संसद का शीतकालीन सत्र पहले दिन से हंगामेदार बना हुआ है। विपक्ष ने सरकार को अदानी मुद्दे पर घेर रखा है। उसकी मांग है कि सरकार अदानी मुद्दे पर बयान दे कर अपना रोख साफ करे। परंतु जैसे ही विपक्ष इस मुद्दे को उठाता है तो हल्ला मच जाने के कारण संसद के सत्र को स्थगित करना पड़ता है। राज्य सभा में भी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।

पिछले कुछ वर्षों से देखने में आ रहा है कि जब भी विपक्ष सरकार को भ्रष्टाचार या अन्य किसी मुद्दे पर घेरने की कोशिश करता है तो संसद का वह सत्र शोर-शराबे के बीच बर्बाद हो जाता है। विपक्षी दलों का आरोप है कि जब भी सरकार के पास उनके सवालों का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं होता तो संसद को ठप कर देती है पर इसके लिए विपक्ष को ही जिम्मेदार ठहराती है। भ्रष्टाचार की बात करें तो दुनिया के देशों में भ्रष्टाचार के सूचकांक को जारी करने वाली संस्था 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का 28 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का धन अवैध रूप से विदेशों में जमा है। रिपोर्ट के बाद किसी भी सरकार को हरकत में आना चाहिए था और इस एजेंसी व ऐसी अन्य एजेंसियों की मदद से इस रिपोर्ट के आधार बिन्दुओं की जांच करनी चाहिए थी जिससे भ्रष्टाचार की जड़ पर कुठाराघात किया जा सकता। पर सरकार किसी भी दल की क्यों न रही हो जब-जब उससे इस बाबत पूछा गया कि उसने इस रिपोर्ट को लेकर तथ्य जानने की क्या कोशिश की तो सरकार का उत्तर था, चूंकि 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' भारत सरकार का अंग नहीं है, इसलिए उसकी रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दिया जा सकता। यहां 2011 की एक घटना को याद करना उचित होगा। जब सत्ता पक्ष को भ्रष्टाचार के मामले में जोड़-शोर से घेरने वाली भाजपा को ही मीडिया ने घेर लिया था। मीडिया का सवाल था कि सत्ता पक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार की मांग करने वाली भाजपा अपनी कर्नाटक सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री येदुरूप्पा के घोटालों के विषय में चुप क्यों है?

भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष नितिन गडकरी ने बड़ा ही हास्यास्पद बयान दिया था। उन्होंने कहा, 'येदुरूप्पा ने जो कुछ किया, वह अनैतिक है पर अवैध नहीं।' अब इस बयान को पढ़कर कौन ऐसा होगा जो अपना सिर न धुने यानी क्या भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व सार्वजनिक जीवन में अनैतिक आचरण को स्वीकार्य मान रहा था? यही वजह है कि उस समय की भाजपा की कथनी-करनी में भ्रष्टाचार से लड़ने और उसे समाप्त करने की कोई मंशा दिखाई नहीं दी। सारा शोर राजनैतिक लाभ उठाने को मचाया गया। जनता को संदेश दिया गया कि विपक्ष भ्रष्टाचार के विरूद्ध है, जबकि हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा भाजपा नेतृत्व भ्रष्टाचार से लड़ना ही नहीं चाहता था। इसलिए उस समय का विपक्ष जेपीसी की मांग पर अड़ा हुआ था जिसका कोई हल निकलने वाला नहीं था और उस समय का गतिरोध यूं ही चलता रहा। न सिर्फ भ्रष्टाचार व अन्य मामलों को लेकर सरकार पर, बल्कि चुनाव आयोग पर भी चुनावों की प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं। चुनाव बाद सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न बने। चुनाव कराने वाली सर्वोच्च संविधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग हर चुनाव को पारदर्शिता से कराना चाहिए। यह बात बीते महीनों से विपक्षी दल और अन्य जागरूक नागरिक कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए।

बीते कुछ समय से चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर और चुनावी आंकड़ों को लेकर काफी विवाद चल रहा है। हर विपक्षी दल ने एक सुर में आवाज लगाई कि ईवीएम को हटा कर बैलट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ईवीएम को जारी रखा। 'इंडिया' गठबंधन अगर सोचता है कि वो देश में अदानी मुद्दे और ईवीएम के



मुद्दे पर 'बोफोर्स' जैसा माहौल बना लेगा तो संभव नहीं लगता। कारण, बोफोर्स के समय नेतृत्व देने के लिए विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसी साफ छवि वाला नेता मौजूद था और आज के राजनेताओं में ऐसा एक भी चेहरा नहीं जिसे जनता बेदाग मानती हो। जब नेतृत्व में ही जनता का विश्वास नहीं तो ऐसे मुद्दों पर जन आंदोलन कैसे बनेगा?

हां अगर विपक्ष एकजुट होकर किसी साफ छवि वाले नेता को अपना नेतृत्व सौंपता है, तब संभावना अवश्य है कि जनता का कुछ विश्वास हासिल किया जा सके पर इसमें भी पेच है। ऐसे नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकारने में सभी विपक्षी दल मानसिक रूप से तैयार हों। परंतु देश की संसद में गतिरोध पैदा करके सिवाय करदाता के पैसे की बबार्दी के अलावा कुछ नहीं हो रहा। इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को इस गतिरोध को जल्द से जल्द खत्म कर देना चाहिए।

उत्तर प्रदेश संस्कार उजाला

## संक्षिप्त डायरी

### अंकित खारी ने अपनी टीम के साथ मुकेश दीवान व भूपेंद्र दीवान को दरोगा बनने पर गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद:** थाना मसूरी क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) के युवा जिला अध्यक्ष अंकित खारी ने अपनी टीम के साथ चौकी एंक्लेव गार्डन थाना मसूरी में रहे मुकेश दीवान व भूपेंद्र दीवान को दरोगा बनने पर गुलदस्ता देकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस मौके पर उपस्थित रहे युवा जिला उपाध्यक्ष करण सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष रोहित कुमार, युवा जिला सचिव वसीम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शासकीय धन का फर्जीवाड़ा करने पर लेखाकार व सीएलएफ अध्यक्ष के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

संस्कार उजाला
डॉ०सै०अब्दुल खबीर

**बहराइच ।** विकास खण्ड-फखरपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित प्रयास प्रेरणा महिला संकुल समिति के बचत खाते से सचिव श्रीमती रेशमी पाल के फर्जी हस्ताक्षर करके वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक लेखाकार विक्रम मिश्रा द्वारा रू. 9,96,700.00 एवं सी.एल.एफ. अध्यक्ष श्रीमती अनुसूईया देवी द्वारा रू. 4,99,560.00 कुल धनराशि रू.14,96,260.00 का अन्तरण करवाये जाने का तथ्य संज्ञान में आने पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के निर्देश पर सम्बन्धित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के अन्तर्गत धारा 319 (2), 318 (4), 340 (2), 316 थाना-फखरपुर में 13 दिसम्बर 2024 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि सम्बन्धित प्रकरण के संज्ञान में आने पर सीडीओ के निर्देश पर उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा 23 नवम्बर 2024 को जिला मिशन प्रबन्धक मानवेन्द्र यादव विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) एवं समस्त ब्लाक मिशन मैनेजर के साथ प्रकरण की जांच की गई। जिसमें शिकायत की पुष्टि एवं दोषी कर्मिको द्वारा पूर्व में लिखित रूप से उपरोक्त कृत्य स्वीकार किये जाने की आख्या उपलब्ध कराये जाने पर सीडीओ के निर्देश पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा थाना फखरपुर में लेखाकार विक्रम मिश्रा व सीएलएफ अध्यक्ष श्रीमती अनुसूईया देवी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

संस्कार उजाला
डॉ०सै०अब्दुल खबीर

**बहराइच** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा। 14 दिसम्बर 2024 राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ मध्यस्थता मामलों पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

### बिजली विभाग 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक समाधान योजना लागू

संस्कार उजाला
डॉ०सै०अब्दुल खबीर

**नानपारा बहराइच** - पावर कॉरपोरेशन नानपारा के अवर अभियंता ओम प्रकाश ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बकायेदारों के लिए एक मुफ्त समाधान योजना लागू कर दी गई है। यह योजना आगामी 15 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक चलेगी इस योजना में समस्त विद्युत भार जैसे घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान एवं औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को विलंबित भुगतान के अधिभार पर छूट दी जा रही है समय रहे थे उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाएं।

### नोएडा प्रभारी मंत्री ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



संस्कार उजाला

**नोएडा** के सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए आज उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने दौरा किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों व अन्य विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में स्थापित 10 बेड के पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ये अस्पताल एक महीने में 1 लाख से ज्यादा लोगों को उपचार दे रहा है। यहां सुविधाएं बेहतर है। कुछ खामियां भी है। जिनको सुधारने का प्रयास हमारी सरकार की ओर से निरंतर की जा रही है। इस दौरान उन्होंने वार्ड में मरीजों से बातचीत की और उनका हाल जाना। साथ ही फार्मा पर गए। वहां दवाओं की जानकारी ली गई। किन दवाओं की कमी है उनको पूरा करने के लिए कहा गया।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पर्यावरण समिति की बैठक

संस्कार उजाला
डॉ०सै०अब्दुल खबीर



**बहराइच** बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम मोनिका रानी ने जिला वृक्षारोपण समिति से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्ष 2024 की भांति वर्ष 2025 के लिए वृक्षारोपण लक्ष्यों के सापेक्ष स्थल चयन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए माइक्रोप्लान तैयार कर लें। डीएम ने निर्देश दिया कि चारागाह की भूमि के चिन्हाकन करने एवं अंतरविभागीय जांच रिपोर्ट 25 दिसंबर तक प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या की अनुपस्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने डीएफओ बहराइच को निर्देश दिया कि सम्बन्धित से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय। जिला पर्यावरण समिति पर चर्चा के दौरान नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों कूड़ा पृथकीकरण करने तथा एमआरएफ सेंटर का नियमित रूप से संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम मोनिका रानी ने ई.ओ. बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि फाइटोरेमिडियशन के क्रियान्वयन हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि जनपद के नालो से आने वाले गंदे पानी को शुद्ध किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे प्राइवेट अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट पर सतत निगरानी रखना सुनिश्चित करें। बैठक का संचालन प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर, उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद, पयागपुर के दिनेश कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, समस्त खंड विकास अधिकारी, एपीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद में नंदकिशोर गुर्जर ने की लाइव रेड, केजरीवाल को बताया गद्दार



**गाजियाबाद** के लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपनी विधानसभा क्षेत्र के झुग्गियों में पहुंचे। विधायक ने दावा किया कि यहां अवैध बिजली के कनेक्शन दिए जा रहे हैं। बंगाल के रहने वालों का आधार कार्ड दिल्ली का मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बदनाम करने की आरोप अधिकारियों पर लगाया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि उनकी लोनी विधानसभा क्षेत्र की झुग्गियां में बड़ी संख्या में रोहिंग्या और बांग्लादेशी रह रहे हैं, मैं कई बार पकड़वा चुका हूं। उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल ने देश के साथ गद्दारी करते हुए घुसपैठियों को वोट के लिए बसाया है, इनके पास वोटर कार्ड राशन कार्ड आधार कार्ड सब दिल्ली का मिला है लेकिन गाजियाबाद में रह रहे हैं। उन्होंने कहा मैं लगातार इस बात को उठाता रहा हूं लेकिन कोई जू नहीं रेंग रही है। देश के साथ गद्दारी की जा रही है जिस तरीके से घुसपैठियों को बिजली विभाग में सब जगह कनेक्शन दिए हुए हैं लोगों के पास फर्जी आधार कार्ड है एक बंगाल का है एक दिल्ली का है। विधायक ने कहा, 'दिल्ली देश की राजधानी है जितने भी हमारे मुख्यालय हो या पार्लियामेंट हो। पूरा देश आज 10 करोड़ बांग्लादेशियों के कारण बारूद के ढेर पर बैठा है। दिल्ली बेहद सेंसिटिव है। दिल्ली केजरीवाल सरकार हजार रुपए में कार्ड बना कर दे रहा है। पुलिस कहां सो रही है। यह गाय काटते हैं यह रात में घरों में घुस जाते हैं लूट करते हैं सरकार कठोर कार्रवाई करेगी। अगर कार्रवाई नहीं करती है तो मुझे संवैधानिक पद पर रहते हुए ही कदम उठाने पड़ेंगे।

## डीएम के द्वारा रात्रि में हापुड़ रेलवे रोड स्थित रैन बसेरे काऔचिक निरीक्षण करने से अधिकारियों में मचा हड़कंप





संस्कार उजाला
रिपोर्टर भूपेंद्रवर्मा

**हापुड़/**जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के द्वारा रात्रि में हापुर रेलवे रोड पर स्थित रैन बसेरे का औचिक निरीक्षण करने से अधिकारियों में मचा हड़कंप। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण कराया। और शासन की नीति के अनुसार रैन बसेरे को जनउपयोगी बनाने के लिए दिशा निर्देश देते हुए ठंड से बचाव हेतु रैन बसेरे में सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देने के साथ शहर के मुख्य चौराहों सार्वजनिक स्थलों एवं रेलवे स्टेशन पर अलाव जलाने के आदेश दिये है।

## मानवाधिकारों का सशक्तिकरण: सभी के लिए गरिमा, समानता और न्याय का सुनिश्चित करना

संस्कार उजाला
डॉ०सै०अब्दुल खबीर



**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश ड्ड अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर, एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (APCR) उत्तर प्रदेश चैप्टर ने 13 दिसंबर 2024 को एआईडीसी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय था मानवाधिकार का सशक्तिकरण: सभी के लिए गरिमा, समानता और न्याय का सुनिश्चित करना। यह कार्यक्रम न्यायिक, कानूनी, और पत्रकारिता क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को एक साथ लेकर आया, जिन्होंने मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें शामिल हैं: श्री आई पी सिंह – वरिष्ठ अधिवक्ता, लखनऊ हाई कोर्ट श्री बी. डी. नकवी – सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री काजी शबीह उर रहमान – अधिवक्ता, लखनऊ हाई कोर्ट श्री संजीव पांडेय – अधिवक्ता (पूर्व महासचिव, सेंट्रल बार एसोसिएशन, लखनऊ) श्री मुहम्मद आमिर नकवी – अधिवक्ता, लखनऊ हाई कोर्ट श्री सौरभ शंकर श्रीवास्तव – अधिवक्ता, लखनऊ हाई कोर्ट श्रीमती रुही सिद्दीकी – अधिवक्ता, लखनऊ हाई कोर्ट श्री सैयद महफूजुर रहमान – अधिवक्ता (उपाध्यक्ष, APCR उत्तर प्रदेश) यह कार्यक्रम APCR के अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस (10 दिसंबर) के उपलक्ष्य में आयोजित सप्ताह भर चलने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। इस अभियान का उद्देश्य मानवाधिकारों के सिद्धांतों – गरिमा, समानता, और न्याय – को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मानवाधिकार हनन के मुद्दों, न्यायपालिका और नागरिक समाज की भूमिका, और भारत में मानवाधिकारों की सुरक्षा और प्रवर्तन को मजबूत करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता उमर खालिद ने किया। वहीं अधिवक्ता नजमुस्साकिब खान ने संस्था का परिचय कराया और अधिवक्ता ज़िया उल कय्यूम जिलानी ने विषय का परिचय कराया। सभी वक्ताओं ने समाज में हो रहे मानवाधिकार हनन को लेकर चिंता जताई और मानवाधिकार को मजबूत करने के लिए समाज में नागरिकों के कर्तव पर बात रखी। अधिवक्ता सय्यद महफूज-उर-रहमान ने लोगों का शुक्रिया कर कार्यक्रम का समापन किया। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (APCR) भारत में नागरिक और मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध एक प्रमुख संगठन है। अपने जागरूकता अभियानों, कानूनी सहायता और वकालत के माध्यम से, अडढफ एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहता है जहां हर व्यक्ति की गरिमा और अधिकारों का सम्मान हो।

## आम जनमानस की प्यास बुझाने के लिए सरकार के द्वारा लगाया गया सरकारी हैंड पंप अपनी बदहाली पर वर्षो से बंद पड़ा खस्ता हालत में बहा रहा आंसू


संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर/**उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन योजना के तहत सरकार के द्वारा आम जनमानस की प्यास बुझाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत एवं विधायक कोटे से लगाए गए। सरकारी हैंड पंप अधिकतर खराब पड़े हुए हैं। जो अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। ग्रामीण अंचल चल क्षेत्र में सरकारी हैंड पंपों के बोरिंग में दबंग प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा इन पर कब्जा करते हुए समरसेबल की मोटर डाल रखी हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अपोजिट मकान के बाहर लगे हैंड पंप में देखने को मिल सकता है दूसरा उदाहरण हरोड़ा मोड पर स्थित राव स्वीट के बाहर रतुपुरा प्रधान परवेज की बिल्डिंग के बाहर लगे सरकारी हैंड पंप में समरसेबल की मोटर लगी हुई है। जिसका निजी उपयोग किया जा रहा है। तो वही आम जनमानस की प्यास बुझाने वाला सरकारी हैंड पंप हरोड़ा मोड पर पिछले 6 महीने से खराब पड़ा हुआ है। और जनता को भारी परेशानी हो रही है। चूंकि ग्रामीण अंचल क्षेत्र का चांदनी चौक कहे जाने वाले हरोड़ा रोड से प्रतिदिन हजारों की संख्या में इस नल के पास से लोगों का आवागमन होता है। जो पीने के पानी को लेकर इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। यह हेड पंप खराब अवस्था में पड़ा अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। आखिर सरकारी हैंड पंप में समरसेबल की मोटर डालने वालों पर कार्यवाही के साथ खस्ता हाल में पड़े। सरकारी हेड पंपों की कब होगी मरम्मत।

## महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अनावश्यक रूप से कांग्रेस के द्वारा टारगेट करना किसान के बेटे का अपमान/हरिनाम सिंह वर्मा प्रदेश अध्यक्ष यूपी भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक)

संस्कार उजाला



**हापुड़/**भारत में किसान का बेटा देश में आजादी के 70 साल बाद उपराष्ट्रपति बना है। पूरे देश ने देखा है कि उसने सदन की गरिमा बनाए रखी है लेकिन कांग्रेस उनको अनावश्यक रूप से टारगेट करने का कार्य कर रही है। महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हमेशा गरीबों के कल्याण और संविधान की रक्षा की बात की है। हाल में ही उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा किसानो के न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानून बनाने के सम्बन्ध में सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कृषि मंत्री से सवाल किया था। सभी दलों एवं किसानो ने उनकी प्रशंसा की थी कि किसान के पक्ष को बखूबी उठाया है। कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ उच्च सदन के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा है। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष हरि नाम वर्मा एवं जिला अध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के द्वारा किसान के बेटे को टारगेट करते हुए सीधा-सीधा अपमान है। इसको भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) बर्दास्त नहीं करेगी।और यदि कांग्रेस ने अपना प्रयास जारी रखा। तो इसके लिए भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) नई दिल्ली जन्तर-मन्तर पर प्रदर्शन पर विचार करेगी। हमें किसान पुत्र उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर गर्व है।

## प्रदीप मिश्रा की कथा के कारण रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

संस्कार उजाला




मेरठ में 15 दिसंबर से होने वाली कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के कारण शहर में रूट डायवर्जन रहेगा। यातायात पुलिस ने कथा समारोह के चलते यातायात डायवर्जन प्लान तैयार किया है। इसके चलते 15 दिसंबर से 21 दिसंबर तक शहर में रूट डायवर्जन रहेगा। शताब्दी नगर थाना परतापुर मेरठ में कथा का आयोजन होगा। इसमें काफी संख्या में लोग कथा सुनने पहुंचेंगे। ऐसे में वाहनों की संख्या भी काफी रहेगी। इसलिए पुलिस ने यह डायवर्जन प्लान तैयार किया है। जो सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लागू रहेगा।

## नोएडा में बर्थडे पार्टी में हत्या के 4 आरोपी गिरफ्तार

संस्कार उजाला



**ग्रेटर नोएडा** के बीटा 2 थाना क्षेत्र में बर्थडे पार्टी के दौरान एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक युवती सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आला कत्ल चाकू भी बरामद कर लिया है। यह लोग एक कमरे में बैठकर बर्थडे पार्टी कर रहे थे। इस दौरान इन लोगों ने अपने ही दोस्त की चाकू के वार से हत्या कर दी थी। दरसअल बीटा-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर यतिन नाम के युवक की हत्या करने के तीन आरोपियों को एनआरआई कट के सर्विस लेन के पास से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने चिराग चौधरी उर्फ काकू, मनु उर्फ अभिनव प्रताप सिंह और एक युवती हर्षिता को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से आला कत्ल चाकू व मृतक की मोटर साइकिल बरामद की । ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी चिराग चौधरी उर्फ काकू, मनु उर्फ अभिनव प्रताप सिंह और हर्षिता उर्फ हर्षी और मृतक यतिन शर्मा आपस में दोस्त थे, जो अक्सर अंसल गोल्फ लिंक स्थित एक ही मकान में रहते थे। हर्षी का आरोपी काकू के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन हर्षी कुछ दिन से मृतक यतिन शर्मा से भी बातचीत कर रही थी, जिससे काकू को यतिन पर शक होने लगा था कि कहीं हर्षी, काकू को छोड़कर यतिन की न हो जाये।12 दिसम्बर को हर्षी का जन्मदिन था। चारों ने मिलकर जन्मदिन की पार्टी का प्रोग्राम अपने कमरे पर ही रखा था। दिनांक 11/12 की रात्रि 12 बजे के बाद ये लोग पार्टी कर रहे थे तभी पार्टी करते समय शक के चलते काकू ने अपने साथियों के साथ मिलकर यतिन शर्मा के साथ गाली गलौच शुरू कर दी, यतिन शर्मा के विरोध करने पर तीनों ने मिलकर मारपीट कर किचन के चाकू को यतिन शर्मा के सीने में घोंप दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और तीनों को गिरफ्तार करने के

## गाजियाबाद में फर्जी कागजों में जमीन बेचने वाला गिरफ्तार:जमीन के नाम पर हड़पे 1.5 करोड़ रुपए

संस्कार उजाला



**गाजियाबाद** पुलिस ने एक ऐसे शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है जो फर्जी कागजों के आधार पर जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों डकार चुका था। पुलिस ने इस मामले में अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी राजकुमार के कब्जे से फर्जी कागजात और अन्य सामान भी बरामद किए है... डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि आरोपी राजकुमार मूल रूप से मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। काम की तलाश में गाजियाबाद आकर इसने प्रॉपर्टी डीलर का काम शुरू किया था। इसकी नजर अर्थला इलाके में मौजूद एक जमीन पर पड़ी। जब इसने जमीन के बारे में जानकारी ली तो पता चला इसका मालिक नोएडा रहता है। तब इसके शातिर दिमाग ने काम करना शुरू किया। जमीन के नकली पेपर भी बनवाता था आरोपी राजकुमार ने पहले तो अपने कागजातों पर अपना नाम बदलवाया और फिर उसी के आधार पर एक नया पास पोर्ट इश्यू करवा लिया। अब ये आरोपी राजकुमार गर्ग से राजकुमार अग्रवाल बन गया था। इन्हीं कागजों के आधार पर इसने जमीन के नकली पेपर भी बनवा लिए थे। इन्हीं फर्जी कागजों के माध्यम से इसने प्रॉपर्टी डीलरों से संपर्क साधना शुरू कर दिया। जब ये ग्राहकों से मिलता था तो अपनी संपत्ति बता कर फर्जी डीड तैयार कर टोकन मनी लेकर फरार हो जाया करता था। अब तक की जानकारी में आरोपी राजकुमार 7 लोगों के साथ धोखाधड़ी कर 1.5 करोड़ रुपए हड़प चुका है। जमीन के असली मालिक राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि उन्हें इस धोखाधड़ी के बारे में 2020 में एक ब्रोकर के जरिए जानकारी हुई थी। जिसके बाद साहिबाबाद थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था।

## संक्षिप्त डायरी

### गागलहेड़ी,-किसान के खेत में खड़े पेड़ों को चोरों ने चोरी से काट लिए।



**संस्कार उजाला**
**सचिन यादव पत्रकार।**
गागलहेड़ी किसान के खेत मे खडे पेड़ो को चोरो ने चोरी से काट लिए। पीड़ित किसान ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी देते हुए चौराखुर्द के किसान विकास कुमार पुत्र राजकुमार ने बताया की बीती रात अज्ञात चोरो ने उसके खेत मे खडे यूके लिपटिस के 13 पेड़ो को चोरो ने चोरी से काट लिए।पीड़ित ने बताया की चोरो ने उसके 9 पेड तो चोरी से काट कर ले गए। वही चोर 4 चार पेड काट कर वही छोड़ गए। पीड़ित किसान ने थाने मे तहरीर देकर चोरो को जल्द से जल्द पकड़ने ओर चोरी हुए पेड बरामद करने की मांग की है।

### गागलहेडी-सहारनपुर मंडल के अपर आयुक्त रमेश यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज मे फैले अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर उजियारा फैलाती है ।

**संस्कार उजाला**
**संवाददाता सचिन यादव**
गागलहेडी-सहारनपुर मंडल के अपर आयुक्त रमेश यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज मे फैले अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर उजियारा फैलाती है । इसलिए शिक्षा के प्रसार की जम्मेदारी न केवल सरकार की है बल्कि सभी को इस पवित्र कार्य मे अपनी भागेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए । गागलहेड़ी के लार्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालयों को ऐसी शिक्षा बच्चों को देनी चाहिए जो आज के दौर की चुनौतियों का मुकाबला कर सके । पूर्व जिला सूचना अधिकारी व स्कूल के संस्थापक नरेंद्र यादव ने भी आज के प्रतिस्पर्धी दौर के अनुसार शिक्षा योजना बनाने पर जोर दिया । इससे पूर्व कनिका, निधि, आरुषि, शिफा, प्रियंका, शगुन आदि छात्र-छात्राओं ने सामाजिक बुराइयों पर व्यंग करते व देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया । भूतों, दादी अम्मा, दादी अम्मा मान जाओ ना, झुमका गिरा रे आदि पर मनमोहक प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों का मन मोह लिया । इस दौरान विशिष्ट अतिथि विनय जोशी,वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान, अनित चौधरी, थाना अध्यक्ष सुरेश कुमार, भाजपा नेता अमित चौधरी, अहसान अली आदि मौजूद रहे ।

### जानलेवा बीमारियों एवं उन से बचाव के लिये टीकाकरण के बारे में दी गई जानकारी



**संस्कार उजाला मनोज त्यागी**
**सहारनपुर** ।अंतर जनपद युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत यूनिसेफ के द्वारा जिला युवा अधिकारी शुभम जैन की उपस्थिति मे सहारनपुर के दिशा संस्थान मे अंतर जनपद से आये माई भारत (NYK) टीम के सदस्यों का अभिमुखीकरण टीकाकरण एवं श्अइ परिवरो के मोबिलइजेशन के लिये किया गया जिसमे यूनिसेफ के जिला समन्वय अमित शर्मा द्वारा उपस्थिति प्रतिभागियो 12 जानलेवा बीमारियों एवं उन से बचाव के लिये टीकाकरण के महत्व के बारे मे जानकारी दी गयीं एवं गर्भवती महिलाओ के देखभाल और प्रतिरोधी परिवारो की लाम्बन्दी के विषय मे जानकारी दी गई, इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी, दिशा संस्थान के एस के तिवारी, जय राम जी, अनीश, आदि लोग उपस्थिति रहें।

### फैशन डिजाइनिंग कार्यक्रम आयोजित किया



**संस्कार उजाला**
**संवाददाता सहारनपुर**
**चिलकाना** :हैप्पी मॉडर्न पब्लिक स्कूल बुड्ढा खेड़ा में फैशन डिजाइनिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने अनेक प्रकार की फैंसी ड्रेस पहनकर रैंप वॉक व अन्य गतिविधिया की बच्चों के प्रोग्राम में एक्टिविटी देखने के पश्चात फाइनल परिणाम अतिथियों के द्वारा घोषित किया गया। मिस्टर हैप्पी मॉडर्न पब्लिक स्कूल मूसा और मिस हैप्पी मॉडर्न पब्लिक स्कूल जवेरिया को चुना गया कार्यक्रम की अध्यक्षता हैप्पी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नसीम अहमद व संचालन अवनीश कुमार ने किया कार्यक्रम में आशु कुमार ,शबाना, तबस्सुम ,सौरभ, अर्सलान, नूरजहां ,आदि उपस्थित रहे।

### नवीपुर में गैस सिलेंडर फटने से लगी आग मकान टूटा दीवार गिरी



**संस्कार उजाला**
**न्यूज अलीगढ़** दादों क्षेत्र के गांव नवीपुर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फट गया और जोरदार विस्फोट के साथ दीवार टूट गई लेटर गिर गया दीवार बुरी तरह टूट कर छटग्रस्त हो गई और कंप्यूटर यादव पुत्र गोपाल सिंह बाल बाल बच गए जैसे ही गैस सिलेंडर में आग लगी कंप्यूटर यादव नाम का युवक खाना बना रहा था अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई और युवक ने बुझाने की काफी कोशिश की लेकिन आज ने विकराल रूप ले लिया युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा कुछ ही क्षण में एक जोरदार विस्फोट हुआ और गैस सिलेंडर फट गया जोरदार विस्फोट धमाके के साथ लेंटर और दीवार टूटकर गिर गई कंप्यूटर यादव किस परिवार का व्यक्ति है मेहनत मजदूरी कर कर अपने जीवन यापन कर परिवार को चलते हैं कंप्यूटर यादव ने बताया सिलेंडर में आग लगने पर मैं छोड़कर भाग गया और बेकाबू होकर आग ने विकराल रूप धारण कर विस्फोट के साथ धमाका हुआ जिससे ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई और लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई गमनीत यह रही कि किसी के चोट ना आई सभी लोग सुरक्षित बच गए

# नोडल अधिकारी ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों का कराएं दाखिला

## परियोजनाओं को समय से पूर्ण नहीं करने वाली फर्म पर लगाएं अर्थ दण्ड निमार्णाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय से करें पूर्ण

**चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता कराएं सुनिश्चित**

**कृषकों को नई वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में किया जाए जागरूक**

**पशु टीकाकरण शत-प्रतिशत पूर्ण कर पशु धन एप पर करें अपलोड**

**सहभागिता योजना में समय से किया जाए भुगतान**

**प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शीघ्रता से कराएं पात्रों के आवास पूर्ण**

**70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के तेजी से बनाएं आयुष्मान कार्ड**

**ओवरलोड करने वाले वाहनों पर सख्ती से की जाए कार्यवाही**

**संस्कार उजाला ब्यूरो**
**सहारनपुर।** प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के नोडल अधिकारी रविन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आहूत की गई। रविन्द्र ने नई दुग्ध समितियों के गठन के साथ पुरानी दुग्ध समितियों को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि भूमि की अनुपलब्धता के कारण जिन स्थानों पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है वहां व्यक्तिगत रूचि लेते हुए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने बीएसए को निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों को नामांकित करना सुनिश्चित करें। उन्होने गौआश्रय स्थलों की जानकारी लेते हुए सहभागिता योजना के तहत समय से सभी संबंधितों का भुगतान करना सुनिश्चित करें।
उन्होने कहा कि पशु टीकाकरण शत-प्रतिशत करते हुए उसे पशुधन एप पर फीड करना सुनिश्चित करें। उन्होने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिए कि विभिन्न गोष्ठियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को नई-नई वैज्ञानिक तकनीकों एवं पद्धतियों के बारे में







बताया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि निवेश-मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। प्रमुख सचिव ने मुख्य चिकित्साधिकारी को नियमानुसार वॉक इन इन्टरव्यू करते हुए रिक्त पदों पर भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर तैनात चिकित्सकों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि कोई भी चिकित्सालय चिकित्सकविहीन न रहे।
समय से चिकित्सकों की उपस्थिति एवं जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन पात्र लाभार्थियों का किन्हीं कारणों से आवास पूर्ण नहीं हो पा रहा है उन समस्याओं को दूर करते हुए शीघ्रता से आवास पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने जनपद में बनी हाईटेक नर्सरी को यथाशीघ्र शुरू करने के लिए जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। रविन्द्र ने स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं में प्राप्त शिकायतों पर परियोजनाओं की पूर्ण डिटेल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि समय से परियोजनाओं को पूर्ण नहीं करने वालों पर नियमानुसार पेनल्टी लगाई जाए।
उन्होने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत तोडी गई सडकों को मानक के अनुसार रेस्टोरेट किया जाए। उन्होने फर्म एनकेजी की खराब कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एनकेजी को डिस्कोप करने के लिए शासन को पत्र भिजवाने के निर्देश दिए। हर घर नल से जल योजना के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। ओवरलोड करने वाले वाहनों पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सही जानकारी उपलब्ध न कराने पर संबंधित एक्सईएन को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।
उन्होने निर्देश दिए कि जनपद में जितनी भी परियोजनाएं निमार्णाधीन है उन्हें निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के तहत बेहतर कार्ययोजना बनाकर जनपद के सभी 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के शीघ्रता से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद में निमार्णाधीन परियोजनाओं एवं योजनाओं के बारे में नोडल अधिकारी को विस्तार से अवगत कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने जनपद को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया।
इस अवसर पर नगर आयुक्त संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, डीएफओ शुभम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लाखों रुपए खर्म 4 वर्ष होने के बाद भी खंडार बने सामुदायिक शौमालय

**संस्कार उजाला**
**सहारनपुर** खंडार बन गए सामुदायिक शौचालयःलटक रहे ताले, 4 वर्ष बाद अभी भी निमार्णाधीन, खुले में शौच मुक्त की मंशा परवान नहीं चढ पा रही गंगोह ब्लॉक की ग्राम पंचायत भवसा व ग्राम पंचायत फतेहचंदपुर व ग्राम पंचायत कुतुबखेड़ी. में सामुदायिक शौचालय निर्माण अधूरा है सामुदायिक शौचालय की बिल्डिंग के आसपास बड़ी-झाड़ियां गंदगी के अंबार लगे हुए हैं ग्राम वासियों ने बताया सामुदायिक शौचालय जब से बना है तब से आज तक नहीं चला है कई बार उच्च अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी आज तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की सामुदायिक शौचालय बंद पड़ा हुआ है क्या अभी तक किसी




अधिकारी की नजर इस पर नहीं पड़ी यह भी सोचने वाली बात है , ,इसको लेकर जिम्मेदार कुछ भी कहने से बच रहे है इस बात से यह प्रतीत होता है कि पंचायत विभाग के सभी अधिकारी मिल बाटकर जनता की गाड़ी कमाई को डकार रहे हैं लोगों को शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है ।जिसके कारण लोग खुले में शौच करने को विवश हैं। इस तरह से शासन की खर्च हुई धनराशि कारगर साबित होती दिख नहीं रही है।
.शोपीस बन गए सामुदायिक शौचालय करीब छह लाख की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया। हैरानी की बात यह है खुले में शौच मुक्त की मंशा परवान नहीं चढ पा रही है ,लोग आज भी खुले में शौच को विवश है ,हालाकिं शासन ने ग्राम पंचायत को काफी पहले ही ओडीएफ घोषित किया हुआ है। लोगों ने बताया कि बकायदा सरकार ने इन शौचालयों की देखरेख करने वाले कर्मचारियों को मानदेय देना भी निर्धारित किया है।
करोड़ की लागत से छह व चार शीटर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है ,ताकि ग्रामीण खुले में शौच न कर सके व सरकार की मंशा पूरी हो सके । इसके विपरीत निर्माण पूरा नहीं बावजूद इनपर ताला लटकना और इसकी देखरेख के लिए कर्मचारियों की तैनाती कागजों में ही होने से शोपीश बने है । ग्रामीणों ने यह भी बताया की ब्लाक कर्मचारियों व जिले के अधिकारियों की मिली भगत से मनसा से ही आज तक यह शौचालय पूर्ण नहीं हुआ क्योंकि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती

# पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**संस्कार उजाला सहारनपुर**
**सहारनपुर** तीतरो भोजपुर के प्राथमिक विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे चैयरमेन रविन्द्र सिंह पुंडीर चीनी मिल नानौता (सहारनपुर) व प्रधानाचार्य प्रवीण राणा ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया । प्रधानाचार्य प्रवीण राणा द्वारा अपने सह अध्यापक व अध्यापिकाओ के साथ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्य शुरू किया गया । इस मौके पर बच्चो के अभिभावक भी अपने बच्चो की प्रतिभा देखने के लिए मौजूद रहे । जिसमे नन्हे-मुन्हे छात्र व छात्राओ ने अपनी सुन्दर प्रस्तुती देकर कार्यक्रम मे मौजूद अभिभावको व शिक्षको का मन मोह लिया । खेलकूद प्रतियोगिता मे प्रथम दिवस बैडमिंटन, खो खो , बाल इन



स्पून , सक रेश , रिले रेश , आदि का आयोजन किया गया । खेलकूद के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के बच्चो ने सुन्दर कार्य आदि से कार्यक्रम मे पहुचे अभिभावको व अन्य अतिथियो का मन मोह लिया था । कार्यक्रम के आयोजन मे शिक्षक हिमांशु कुमार , अमित अरोड़ा , सत्यपाल सिंह , भूपेंद्र सिंह , प्रिंस अरोड़ा , प्रदीप कुमार , आदेश कुमार , देवेन्द्र सिंह , सुभाष कुमार , देशराज , शिक्षिका बसंती का सराहनीय योगदान रहा ।

# जिलाधिकारी ने देर रात अफसरों की टीम के साथ किया शहर भ्रमण

## बेहट रोड स्थित निर्माण कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर रहने वाले परिवारों को वितरित किए कंबल

**☛जनमंच के निकट रैन बसेरे पहुंचकर परखी व्यवस्थाएं**

**☛कोई भी व्यक्ति रात में सडक अथवा फुटपाथ पर सोता न मिल्ओ-मनीष बंसल**

**☛मानक के अनुसार अलाव का प्रबंध कराये जाने के दिए निर्देश**

**संस्कार उजाला ब्यूरो**
**सहारनपुर** । जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने लगातार बढ़ रही ठंड से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए गुरुवार को देर रात अफसरों की टीम के साथ शहर का भ्रमण किया। इस दौरान डीएम ने बेहट रोड स्थित निर्माण कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर वहां रहने वाले परिवारों को कंबल वितरित किए। उन्होंने आश्रम में रहने वालों से उनके हालचाल की भी जानकारी ली।



इसके बाद जिलाधिकारी ने जनमंच के निकट स्थित नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को परखा, जहां पर व्यवस्थाएं ठीक पाई गई।
उन्होंने निर्देश दिया कि रैन बसेरे में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी निराश्रित, गरीब एवं असहाय रात में सडक अथवा फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य न हों। इसके बाद उन्होंने रोडवेज बस स्टैंड पर अलाव की व्यवस्था को देखा। अलाव में जलाने के लिए कम लकड़ी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आसपास के अन्य स्थलों पर भी मानक के अनुसार अलाव का प्रबंध कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिए कि जनपद में जिन स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, टीम बनाकर उनकी रैंडम जांच कराई जाए। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर अंकुर वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हिंदू मुस्लिम एकता का आदर्श मॉडल है देवबंद- पंडित सत्येंद्र शर्मा बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर गहरा दुख प्रकट किया

**संस्कार उजाला**
**अरविन्द चौहान सहारनपुर।** श्री माता बाला सुंदरी मंदिर देवबंद के अध्यक्ष व धर्मगुरु पंडित सत्येंद्र शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहां बांग्लादेश में हिंदुओं पर बहुत अत्याचार हुआ है। इसे लेकर उन्होंने गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा बड़े दुर्भाग्य की बात है बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ कई घटनाओं ने देश में हलचल का माहौल उत्पन्न कर दिया है। राजनीतिक पार्टियाँ अपनी- अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हैं। बांग्लादेश में लगातार हिंदूओ की जनसंख्या में गिरावट आ रही है, जो 1971 में 13.5% से घटकर 2022 में 7.95% हो गई है। इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें से एक प्रमुख कारण हिंदुओं का भारत में पलायन



भी है। इसके अलावा, बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ कई हिंसक घटनाएं भी हुई हैं। 1971 के बांग्लादेश युद्ध के दौरान, हिंदुओं को विशेष रूप से निशाना बनाया गया था।वर्तमान मैं भी कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाया गया।इसके बाद भी,हिंदू मंदिरों और समुदायों पर हमले होते रहे हैं।बांग्लादेश सरकार ने हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए उन्होंने कहा दोनों समुदाय के बीच बनी खाई को आपसी समझौते से दूर करना चाहिए।पंडित सत्येंद्र शर्मा ने दाऊल उलूम व प्राचीन श्री माता बाला सुंदरी का मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों निकट-निकट हैं और आपस में दोनों समुदाय के लोगों के बीच धनिष्ठा प्रेम है दोनों एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हैं। यहां ऐसा अनूठा आदर्श मॉडल बना दिखाता है यहां विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के लोग एकता और सद्भावना के साथ-साथ रहते हैं। यहां ब्याह-शादी, दुख-सुख, और खाने-पीने तक के अच्छे संबंध यह दशार्ते हैं कि यहां के लोगों ने धर्म और संस्कृति के बंधनों को तोड़कर एक-दूसरे के साथ जुड़ने का तरीका निकाला है।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की युवा इकाई का गठन युवा व्यापारियों का प्रण नौकरी छोड़ो व्यापार करो।

**संस्कार उजाला/घनश्याम दास**
**सहारनपुर।** दिनांक 13 दिसंबर 2024 को रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन में सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की युवा इकाई का गठन किया गया। युवा इकाई के गठन के अवसर पर महानगर के युवा पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए महानगर के अध्यक्ष श्री विवेक मनोचा ने अनुभव शर्मा को महानगर अध्यक्ष, आचमन मनोचा को महानगर संयोजक, कुबेर नरूला को महानगर महामंत्री, विनीत चौहान को महानगर कोषाध्यक्ष, दीपक खेड़ा को युवा इकाई का चेयरमैन मनोनीत किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर वरिष्ठ महामंत्री सरदार सुरेंद्र मोहन सिंह चावला ने कहा युवा व्यापार में



रीढ़ की हड्डी का कार्य करते है, और आजकल व्यापार करने के तरीकों में वर्तमान समय के अनुसार जो जो बदलाव आए हैं उसमें नए-नए विचार नए-नए तरीके युवा व्यापारियों के पास बहुत है जिससे व्यापार को नित नई ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने सभी युवा व्यापारियों को प्रण दिलाया की नौकरी छोडो करो व्यापार। इस अवसर पर महानगर महामंत्री पुनीत चौहान एवं महानगर कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी ने ने युवा व्यापारियों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा अपने पारिवारिक व्यवसाय में आए और अपने बड़े बुजुर्गों द्वारा स्थापित किए गए व्यापार को और आगे बढ़ाएं, जिससे आपके व्यापार बढ़े भी और आप रोजगार देने वाले व्यापारियों की श्रेणी में आए। सभा को प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल मैनी, महेश नारंग, पंडित देशमुख वशिष्ठ ने भी संबोधित किया और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा युवा व्यापार मंडल से जुड़ने को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री पुनीत चौहान ने किया। कार्यक्रम में नगर व्यापार मंडल से मुख्य रूप से आई टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव मदान, प्रांतीय संगठन मंत्री अशोक छाबड़ा,मंडल अध्यक्ष संजय भसीन, संयोजक राजकुमार वीज, नीरज जैन, मुकेश दत्ता, मुकेश धनकर, ऋषि कपूर, देवेंद्र चड्डा, फरजान उल हक, राजकुमार नरूला, श्री डीके गुप्ता, सुरेश सलूजा, सुदर्शन जुनेजा, अशोक नारंग, हरजिंदर सिंह, संजय गुप्ता, हरिश्चंद्र चौहान, मनोज बर्मन रहे। युवा व्यापार मंडल से तुषार गोयल, रमन शाह, शौर्य, मधुर चढ़ा, रियांश कामरा, रोहित बजाज, प्रथम, शमीमुल्लाह, अश्विनी कश्यप, राघव इलाहाबादी, संचित बत्रा, ओजस वर्मा, साहिल फुटेला, वैभव पूरी, खालिद सलमानी, अहमद हसन, मोहम्मद हम्माद, सचिन अग्रवाल, अनिल ठक्कर, गगन अरोरा, सौरव वर्मा, सनी वर्मा, लविश गंभीर, अमित भसीन, कमल अरोड़ा आदि बड़ी संख्या में युवा व्यापारी उपस्थित रहे ।

# तहसील कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त किए गए अलीम

## संगठन में काम कर रहे हैं सदस्य और पदाधिकारी सच्ची निष्ठा से काम करें: सौरभ त्यागी

**संस्कार उजाला**
**नागल सहारनपुर**
**अजय त्यागी नागलः** माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर के निदेर्शानुसार गांव-गांव में सदस्यता अभियान चल रहा है इसी प्रवाह में एक कार्यक्रम नागल रेलवे रोड पर स्थित कार्यालय पर सम्पन्न हुआ ।जिसमें एक साल से कार्य कर रहे अलीम जो अपनी ईमानदारी वह सच्ची निष्ठा से कार्य कर रहे थे, उनका संगठन के प्रति कार्य देखते हुए युवा जिला अध्यक्ष सौरभ त्यागी द्वारा अलीम को तहसील कार्यकारणी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा जिला अध्यक्ष सौरभ त्यागी ने कहा भाकियू तोमर संगठन किसानों का संगठन है जो किसान संगठन में रहते हुए ईमानदारी और मेहनत से कार्य करेगा संगठन उनको उनकी मेहनत का फल अवश्य देगा। इसलिए



सभी सदस्यों और अधिकारियों से यह निवेदन है कि सभी अपना कार्य पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें। संगठन पूर्णतया किसानों पर समर्पित है। युवा जिला अध्यक्ष सौरभ त्यागी ने भाकियू तोमर संगठन के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी को सचेत करते हुए कहा कि किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस संबंध में जल्द ही दिल्ली कुच के लिए तैयार रहे। कूच करने की तारीख जल्द ही निर्धारित की जाएगी।बैठक में धीरज राणा, श्रवण शर्मा, अंकित, सोरण ,राजेश्वर त्यागी, विकास कुमार, सुंदरलाल, आदि मौजूद रहे।

## 400 यात्री भूखे-प्यासे 24 घंटे इस्तांबुल एयरपोर्ट पर फंसे रहे

नई दिल्ली । नई दिल्ली से मुंबई और तुर्किये के बीच यात्रा करने वाले 400 यात्री भूखे-प्यासे 24 घंटे इस्तांबुल एयरपोर्ट पर फंसे रहे। उड़ान में देरी की वजह से यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं एयरलाइन का कहना था कि परिचालन संबंधी दिक्कत की वजह से यात्रियों को दिक्कत हुई। परेशान यात्रियों ने सोशल मीडिया पर बताया कि बिना ठहरने की उचित व्यवस्था और खाना के वे ठंड में एयरपोर्ट पर ही इंतजार करते रहे। एक यात्री ने कहा, हमारी इस्तांबुल से दिल्ली के लिए फ्लाइट थी। करीब 500 यात्री एयरपोर्ट पर ही फंस गए। उड़ान का समय रात का 8 बजकर 10 मिनट था। लेकिन यह फ्लाइट अगले दिन दोपहर 1 बजकर 30 मिनट के लिए शेड्यूल कर दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक यात्री ने कहा कि दिल्ली के लिए फ्लाइट कैंसल कर दी गई। आने-जाने की सुविधा और ठहरने की सुविधा के बिना यात्रियों को सात डिग्री के तापमान में एयरपोर्ट पर ही ठिठुरना पड़ा। एक अन्य यात्री ने कहा कि इंडिगो की फ्लाइट डिजास्टस साबित हुई। यह फ्लाइट करीब 20 घंटे लेट हो गई। यात्रियों ने बताया कि पहले उड़ान को दो घंटे देरी से बताया गया। इसके बाद अचानक विमान को रद्द कर दिया गया। इसके बाद बताया गया कि अब उड़ान 12 घंटे बाद के लिए शेड्यूल कर दी गई है। इसके बाद सारे यात्री फंस गए। कुछ लोग बीमार भी थे। ना यात्रियों को भोजन दिया गया और ना ही रुकने की जगह। इंडिगो के किसी कर्मचारी ने यात्रियों से संपर्क भी नहीं किया।

## विजय दिवस समारोह में शामिल हो सकता है बांग्लादेश का प्रतिनिधिमंडल

कोलकाता । बांग्लादेश के एक प्रतिनिधिमंडल के 16 दिसंबर को कोलकाता में आयोजित होने वाले विजय दिवस समारोह में शामिल होने की संभावना है। रक्षा सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सोलह दिसंबर, 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत की याद में हर साल 'विजय दिवस' मनाया जाता है। पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी शासन का विरोध करने वाले गुरिल्ला प्रतिरोध बल का हिस्सा रहे 'मुक्ति योद्धा' और बांग्लादेश सशस्त्र बलों के सेवारत अधिकारियों का एक बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल हर साल कोलकाता में भारतीय सेना की पूर्वी कमान द्वारा आयोजित 'विजय दिवस' समारोह में शामिल होता है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि 16 दिसंबर के समारोह में बांग्लादेश का एक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हो सकता है, हालांकि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की संख्या के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। सेना की पूर्वी कमान 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में विजय दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्वी कमान मुख्यालय के मेजर जनरल-जनरल स्टॉफ (एमजीजीएस) मेजर जनरल मोहित सेठ ने हाल में कहा था कि 16 दिसंबर को फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा था कि 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिक भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## टॉफी के रैपर में छिपाकर रखा 17 लाख रुपये का सोना

नई दिल्ली । दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने चेकिंग के दौरान यात्री के कब्जे से टॉफी के रैपर में छिपाकर रखा 17 लाख रुपये से ज्यादा का सोना जब्त किया है। इसकी जानकारी कस्टम विभाग ने आधिकारिक बयान में दी। सीमा शुल्क विभाग की ओर से बताया गया कि राजस्थान के 22 वर्षीय भारतीय पुरुष यात्री दोहा से दिल्ली पहुंचा। जहां एयरपोर्ट पर शख्स ने यात्रा के बाद कस्टम अधिकारियों को चकमा देने की कोशिश की। लेकिन अधिकारियों के सामने उसकी चालाकी नहीं चली। अधिकारियों ने उसके सामान से बहुत सारी टॉफी बरामग की। लेकिन जांच में पता चला कि उस शख्स ने टॉफी के रैपर में 240 ग्राम (करीब) सोने की चेन छिपाकर रखी थी। अधिकारियों ने फौरन उस सोने को जब्त किया। जब्त किए गए सोने की कीमत 17.47 लाख रुपये है। सीमा शुल्क विभाग ने बताया तेज निगाह वाले अधिकारियों ने बैगेज एक्स-रे के दौरान संदिग्ध तस्वीरें देखीं, जिससे यह मीठी खोज हुई! जीवन भले ही चॉकलेट के डिब्बे जैसा हो, लेकिन सीमा शुल्क विभाग हमेशा आखिरी चीज चुनता है!

## श्वान पालने वालों के लिए बड़ी खबर, 1 जनवरी से अहमदाबाद में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

अहमदाबाद। शहर में श्वान पालने के शौकीनों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। शहर में आवारा पशुओं पर अंकुश के बाद अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) ने पालतु श्वान को लेकर बड़ा फैसला किया है। जिसके मुताबिक घर में श्वान रखने वालों को अब उसका पंजीकरण कराना होगा और यह नियम 1 जनवरी 2025 से लागू हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक एएमसी ने घर में पालतु श्वान रखने के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। 1 जनवरी से पालतु श्वान का पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। इतना ही नहीं पालतु श्वान और उसके रखने की जगह की तस्वीर भी एएमसी को उपलब्ध करानी होगी। पालतु श्वान रखने के लिए रु. 200 का भुगतान कर पंजीकरण कराना होगा और श्वान की तस्वीर एएमसी की वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। पालतु श्वान के पंजीकरण के लिए आवेदक को अपनी तस्वीर के अलावा अपना आधार या चुनाव कार्ड, बिजली बिल, पालतु श्वान की फोटो और उसे रखने की जगह की तस्वीर देनी होगी। इतना ही नहीं पालतु श्वान का अनिवार्य रूप से टीकाकरण भी करवाना होगा। अहमदाबाद शहर में जिन नागरिकों को अपने घर में श्वान पाल रखा है उन्हें 1 जनवरी 2025 से 90 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। ताकि एएमसी के पास आपके पालतु श्वान का संपूर्ण ब्यौरा उपलब्ध रहेगा।



# स क दुर्घटनाओं में भारत का रिकॉर्ड ऐसा कि, इं रनेशनल कॉन्फ्रेंस में मुंह छिपाना पड़ता है: गडकरी


नई दिल्ल एजेंसी)। सत्ता पक्ष से विपक्षी दलों में सब क लोकप्रिय मंत्री के रूप में अपनी पहच बनाने वाले केंद्रीय सड़क, परिवहन ए ष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सं में अपनी साफगोई और स्पष्टवादिता लिए जाने जाते हैं। मुद्दा चाहे किसी भी दल जनप्रतिनिधि का हो, गडकरी की कार्यशैल प्रभावित हुए बिना कोई रह नहीं सकता।

गुरुवार प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में केंद्रीय सड़ परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन ग री के एक वक्तव्य से हर कोई दंग रह गया समें उन्होंने देश में लगातार बढ़ती जा र सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अपनी गंभीर ता जताते हुए कहा कि 'सड़क दुर्घटनाओं मे ी तो भूल जाइए, मुझे ये कहने में कोई झिझ नहीं है कि विश्व स्तर पर इस मामले में भ का सबसे गंदा रिकॉर्ड है। मैं सड़क दुर्घट ों पर चर्चा के लिए होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुंह छिपाने की कोशिश करता हूं'। स्वीडन ने हालांकि दुनिया में जीरो दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है।

सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा बताते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि देश में सालाना होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 1.78 लाख है। उत्तर प्रदेश इस मामले में शीर्ष पर है। वहां सड़क दुर्घटनाओं के 23 हजार 652 मामले सामने आए हैं। यह कुल दुर्घटनाओं का करीब 13.7 फीसदी होता है। इसके बाद तमिलनाडु में 18 हजार 347 मामले सामने आए। जो कि 10.6 फीसदी होता है। तीसरे स्थान पर 15 हजार 366 मामलों के साथ महाराष्ट्र (9 फीसदी) है। चौथे स्थान पर 13 हजार 798 मामलों के साथ मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 8 फीसदी पर रहा। इन चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात कर मामले में सुधार की कोशिश का तर्क गडकरी ने सदन के समक्ष दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के शहरों में सामने आए मामलों के बारे में बताते हुए कहा कि दिल्ली में 1 हजार 457 मामले, बेंगलुरु में 915 और जयपुर में 850 सड़क दुर्घटना के मामले सामने आ चुके हैं।

### 50 फीसदी के लक्ष्य तक पहुंचने से कोसो दूर

गडकरी ने कहा कि मंत्रालय ने मौजूदा साल के अंत तक देश में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े में 50 फीसदी की कटौती का लक्ष्य रखा था। इसे हम हासिल नहीं कर सके। बल्कि यह बढ़ गए हैं। यह हमारे लिए बड़ी चिंता का विषय है कि दुर्घटनाओं में 60 फीसदी मौतें 18 से 34 साल के युवाओं की हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी सांसदों से सहयोग करने का आह्वान किया। गडकरी ने कहा कि इस मामले में समाज के सहयोग की बेहद आवश्यकता है। लोग कानून का सम्मान नहीं करते जिसकी वजह से



सड़क हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी केंद्रीय मंत्री को मामले पर सदन के सभी सदस्यों को पुनः पत्र लिखकर सहयोग करने की अपील की। जिसे उन्होंने स्वीकार किया।

## निजी अस्पताल में लगी आग, 7 की मौत, कई झुलसे

### -मरने वालों में एक बच्चा और तीन महिलाएं शामिल, तीन गंभीर



चेन्नई। तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एक निजी अस्पताल में गुरुवार रात आग लगने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई झुलस गए। मरने वालों में एक बच्चा और तीन महिलाएं शामिल हैं। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक आग गुरुवार रात लगी। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया। अस्पताल में फंसे लोगों को निकालने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद लोगों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस और निजी एम्बुलेंस के जरिए दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। आग डिंडीगुल जिले के तिरुचि रोड स्थित चार मंजिला अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी। इसके बाद धीरे-धीरे आग ने पूरे अस्पताल को अपनी चपेट में ले लिया। शुरुआती जांच में आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे के बाद ग्रामीण विकास मंत्री पहुंची। इस हादसे को लेकर डिंडीगुल की जिला कलेक्टर ने कहा कि रात 10 बजे निजी अस्पताल में आग लगी थी। खबर मिलते ही रेस्क्यू किया गया। मरीजों को बचाकर पास के सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जिनका इलाज चल रहा है।

## अखि श का केंद्र पर हमला, देश क सीमाएं आज खतरे में और सु क्षा में सेंध लगी हुई




नई दिल्ली ( सी)।लोकसभा में संविधान पर च ही चर्चा के दौरान समाजवादी पा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिले दव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला ा। उन्होंने सरकार पर संविधान के निरपेक्ष मूल्यों का हनन करने अ अल्पसंख्यकों को हाशियों पर धके का आरोप लगाया। यादव ने कहा वि श की सीमाएं आज खतरे में हैं। उन्ह कहा, सीमाओं की रक्षा करना वि भी सरकार का प्राथमिक कर्त , लेकिन वर्तमान सरकार के कार्य में सीमाएं सिकुड़ रही हैं और सीमा क्षा में सेंध लगने की घटनाएं बढ़ी हैं होंने देश में बढ़ती आर्थिक विषम र चिंता जताकर कहा, आज 8 रोड़ लोग सरकारी अन्न पर निर्भर है बकि मोदी सरकार अर्थव्यवस्था क चाई पर बताती है। उन्होंने सवाल उठाया कि देश की 60 प्रतिशत आबादी की प्रति व्यक्ति आय क्या है?

अल्पसंख्यकों के अधिकार और सुरक्षा


सपा प्रमुख अखिलेश ने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों, को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उनके खिलाफ हिंसा और संपत्ति नुकसान की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। अखिलेश यादव ने संविधान को लोकतंत्र की प्राणवायु और 90 प्रतिशत जनता का सुरक्षा कवच बताया। उन्होंने कहा, संविधान की प्रस्तावना इसकी आत्मा है और यही हमें समानता और न्याय की दिशा में ले जाती है।

# दिल्ली के बाद अब रांची में बढ़ा वायु प्रदूषण, जमशेदपुर-धनबाद भी पीछे नहीं

### -खुले में सांस लेना हुआ खतरनाक, मास्क लगाने की दी जा रही सलाह

रांची (एजेंसी)। एक तरफ ठंड की मार लोग झेल रहे हैं वहीं दिल्ली की हवा भी प्रदूषित है। अब दिल्ली के साथ ही झारखंड के भी हालात बिगड़ने लगे हैं। दूषित हवा के मामले में जमशेदपुर कुछ दिनों पहले टॉप पर था लेकिन दो दिनों से वहां कुछ सुधार हुआ है अब टॉप पोजीशन पर रांची आ गया है। जी हां! पिछले दो दिनों से एयर क्वालिटी इंडेक्स रिपोर्ट में रांची 200 से पार पहुंच गया है।

वहीं, जमशेदपुर व धनबाद का आंकड़ा भी 150 के ऊपर चला गया। ताजा आंकड़ा भी काफी निराशाजनक है जिसे लेकर लोगों को सचेत रहना होगा। वहीं, घर से बाहर निकले तो मास्क जरूर लगाएं। एयर क्वालिटी इंडेक्स के मुताबिक पिछले 24 घंटे में रांची में प्रदूषण का स्तर सबसे ऊपर रहा। यहां एक्युआई का आंकड़ा




233, जमशेदपुर का 165 और धनबाद का 162 दर्ज किया गया है। जो सामान्य से ऊपर है। वहीं, आज रांची का सबसे ज्यादा 225, धनबाद का 166 और जमशेदपुर का 165 रहने की संभावना है। इन शहरों में खुले में सांस लेना खतरनाक हो सकता है। ऐसे में लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी जा रही है।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से प्रदूषण वाले शहर के लोगों को सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। लोगों से घर के बाहर निकलने पर मास्क जरुर लगाने को कहा जा रहा है। वहीं घर के दरवाजे-खिड़की को ज्यादातर बंद रखने को कहा है ताकि घर के अंदर धूलकण आने से रोका जा सके। संभव हो तो घर में एयर प्यूरीफायर लगा सकते हैं। बाहर धूल या गंदी जगहों पर बच्चों को खेलने न दें।

बता दें 0 से 50 के बीच में एयर क्वालिटी इंडेक्स अच्छा माना जाता है। वहीं, 51 से 100 के बीच सामान्य, 101 से 200 के बीच खराब, 201 से 300 के बीच अनहेल्दी, 301 से 400 के बीच सर्वर और 401 से 500 के बीच खतरा यानी यह डेंजर जोन में आता हैं इसलिए वायु प्रदूषण के बचने के लिए चेतावनी और अपील की जा रही है।

## केंद्रीय नेतृत्व ने फडणवीस को खुली छूट, मंत्रिमंडल का गठन अपने हिसाब से करें

मुंबई । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित तौर पर महाराष्ट्र मंत्रिमंडल के गठन के संबंध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को खुली छूट दे दी है। प्रोफाइल और विभाग आवंटित करने की जिम्मेदारी सीएम फडणवीस की ही होगी। राज्य के लिए महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार 14 दिसंबर को होगा। रिपोर्ट के अनुसार, बीजेपी को 20 मंत्री पद मिलने की उम्मीद है, जबकि शिवसेना और एनसीपी को 10-10 विभाग मिलने की उम्मीद है। महाराष्ट्र के नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना चुका है। महाराष्ट्र भी विकास की कहानी का हिस्सा बनने की इच्छा रखता है। सीएम फडणवीस ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल में भाजपा के संभावित मंत्रियों के नाम शॉर्टलिस्ट कर लिए गए हैं और अंतिम निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। पिछले माह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने भारी जीत दर्ज की थी। भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन ने 230 सीटें जीतीं, जबकि गठबंधन का हिस्सा छोटे दल पांच सीटों पर विजयी रहे। फडणवीस के अलावा, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजनीति, उद्योग और मनोरंजन क्षेत्र के कई नेताओं की उपस्थिति में उपमुख्यमंत्रियों के रूप में शपथ ली। फडणवीस ने सत्ता-साझाकरण समझौते पर सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच मतभेदों की रिपोर्टों को भी खारिज कर दिया।



## दिल्ली जेपी ने 5000 पन्नों के सबूतों के साथ अवैध रोहिंग्या, बांग्लादेशी, डुप्ल केट और फर्जी पते वाले मतदाताओं के खिलाफ आपत्ति दर्ज की

नई दिल्ली ( सी)। दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र देवा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आज मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य दो चु आयुक्तों से मुलाकात कर दिल्ली की मत सूची में लाखों अवैध घुसपैठियों (रोहि और बांग्लादेशी मूल के), डुप्लीकेट, फर्जी वाले और मृत लोगों के नाम शामिल होने का ध दर्ज कराया। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग इन शिकायतों को प्राथमिकता से व ी आधार पर हल करे ताकि दिल्ली विधानस चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष हों।

वीरेंद्र स ा के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल बीजेपी की चुनाव समन्वय समिति के राष्ट्री योजक ओम पाठक, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष ल्होत्रा, सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता सुब स्वराज, दिल्ली बीजेपी मीडिया प्रमुख ण शंकर कपूर और दिल्ली बीजेपी चुनाव ति के संयोजक अधिवक्ता संकेत गुप्ता शामि ।

वीरेंद्र सच ने ECI को 5000 पन्नों के प्राथमिक सबूत साथ विस्तृत प्रस्तुति दी। दिल्ली बीजेपी क्ष ने चुनाव आयोग को



बताया कि यह हैरानी की बात है कि हर बार लोकसभा चुनाव समाप्त होने और विधानसभा चुनाव शुरू होने के बीच लाखों नए मतदाता पंजीकृत होते हैं। यह संख्या वार्षिक मतदाता सारांश संशोधन की सामान्य प्रक्रिया से काफी अधिक होती है।

सचदेवा ने कहा कि अगस्त 2024 के चुनाव आयोग के एक सर्कुलर के आधार पर, बीजेपी कार्यकर्ता दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में जांच कर रहे हैं और पाया है कि बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या और बांग्लादेशी मतदाता पंजीकृत हैं। इसके अलावा, डुप्लीकेट, फर्जी पते और मृत मतदाता भी बड़ी संख्या में सूची में शामिल हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से अपील की कि अवैध मतदाताओं के पंजीकरण और नकली मतदान के खिलाफ अभियान चलाया जाए। उन्होंने मीडिया और रेडियो अभियानों के जरिए ऐसे मतदाताओं को सख्त चेतावनी देने की भी मांग की।

### बांसुरी स्वराज ने दिए कानूनी सबूत

सुबांसुरी स्वराज ने 18 मजबूत सबूतों की सूची प्रस्तुत की, जिनमें रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के पंजीकरण का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि कैसे कई निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में एक ही परिवार के व्यक्ति अलग-अलग EPIC नंबरों के साथ बार-बार पंजीकृत हैं। उन्होंने ऐसे मामलों का जिक्र किया जहां एक ही समुदाय के मतदाता गैर-मौजूद पते पर पंजीकृत हैं या एक ही परिवार के सदस्य एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में पंजीकृत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीएलओ अपने पवित्र कर्तव्य को निभाने में विफल हो रहे हैं। हर्ष मल्होत्रा ने आम आदमी पार्टी के गलत प्रचार पर चुनाव आयोग को विरोध से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बीजेपी केवल घुसपैठियों और फर्जी पते वाले मतदाताओं का विरोध कर रही है, न कि भारतीय मूल के मतदाताओं का। उन्होंने चुनाव आयोग से मीडिया के माध्यम से इस मामले पर स्पष्टता देने का अनुरोध किया।

# पुरुषो के खिलाफ दहेज कानून के दुरुपयोग को रोकने की मांग

### बेंगलुरु इंजीनियर अतुल सुभाष आत्महत्या के बाद सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु स्थित एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की आत्महत्या के बाद दहेज कानूनों के दुरुपयोग और दुरुपयोग के लिए दिशानिर्देश पेश करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। उत्तर प्रदेश के 34 वर्षीय तकनीकी विशेषज्ञ अतुल सुभाष की मंगलवार को बेंगलुरु में उनके आवास पर आत्महत्या से मृत्यु हो गई। सुभाष ने 24 पन्नों का एक नोट और 1.5 घंटे लंबा एक वीडियो छोड़ा, जिसमें अपनी अलग रह रही पत्नी और उसके परिवार पर उत्पीड़न और उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने का आरोप लगाया गया।

वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में अदालत से केंद्र को अपने पहले के फैसले में की गई टिप्पणियों को



लागू करने का निर्देश देने की मांग की गई। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के दुरुपयोग को चिह्नित किया था, जहां पति और उसके रिश्तेदारों को पत्नी के खिलाफ घरेलू क्रूरता का आरोप लगाते हुए अनावश्यक रूप से आपराधिक मामलों में घसीटा जाता है। इसने अदालत से मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों की समीक्षा और सुधार करने और उनके दुरुपयोग को रोकने के उपाय सुझाने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, वकीलों और कानूनी न्यायविदों की एक विशेषज्ञ समिति बनाने के निर्देश जारी करने की भी मांग की। याचिका में यह भी मांग की गई है कि विवाह पंजीकरण में विवाह के दौरान दिए गए सामान और उपहारों को भी दर्ज किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा था कि अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि कानून का दुरुपयोग रोका जा सके और पति के रिश्तेदारों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए परिवार के निर्दोष सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

# अमेरि का ने क्यों नहीं सौंपा खालिस्तानी आतंकी पन्नू का बैंक डिटेल, इसके पीछे क्या है मंसूबा?

नई दिल्ली नेंसी)। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह प से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है। भारत ने एक म में अमेरिका से आतंकी पन्नू के बैंक खातों और मोबाइ बर्स की डिटेल मांगी थी। वॉशिंगटन ने जानकारी साझ ने से इनकार कर दिया। भारत और अमेरिका के बीच तंकवाद के खिलाफ सहयोग करने का करार है, इसके वजूद भारतीय जांच एजेंसी की मांग को ठुकरा दिया। ा दें कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह को भारत ने यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषि किया हुआ है। उस पर कई संगीन धाराओं में मामल र्ज है। बता दें कि पन्नू ने पंजाब और हरियाणा में स्वतं दिवस से पहले इमारतों पर तिरंगे की जगह खालिस्ता झंडा फहराने वाले को 2,500 डॉलर देने की घोषणा की थी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने एक गंभीर मामले की छानबीन के दौरान अमेरिका से खालिस्तानी आतंकी पन्नू के बैंक खातों की डिटेल और मोबाइल फोन नंबर्स का ब्योरा मांगा। रिपोर्ट की मानें तो अमेरिका ने भारत के इस आग्रह को ठुकराते हुए इनसे जुड़ी जानकारियां साझा करने से इनकार कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों ने अपने घरेलू कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए बैंक अकाउंट डिटेल और मोबाइल फोन नंबर्स का ब्योरा साझा करने से इनकार कर दिया।

अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि जिस अपराध के लिए एनआईए की ओर से जानकारी मांगी गई थी, उसके लिए अमेरिका में सिर्फ 1 साल जेल का प्रावधान है। ऐसे में संबंधित अपराध के लिए इस तरह की जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई जा सकती हैं।एनआईए ने चार साल से भी ज्यादा पुराने मामले में पन्नू से जुड़ी डिटेल अमेरिका से मांगी थी. दरअसल, 14 अगस्त 2020 को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दो लोगों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर मोगा के जिला प्रशासनिक परिसर में प्रवेश किया. उन्होंने छत पर खालिस्तान का झंडा फहराया और तिरंगे का अपमान किया। तत्कालीन मोगा एसएसपी हरमनबीर सिंह गिल ने कहा था कि दोनों लोगों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थीं. इस मामले में फरार पन्नू के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था। एनआईए इस मामले की जांच कर रही है.



## संक्षिप्त समाचार

### काबुल में बम विस्फोट, शरणार्थी मामलों के मंत्री हक्कानी की मौत



**इस्लामाबाद , एजेंसी।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार को एक आत्मघाती बम विस्फोट में तालिबान सरकार के शरणार्थी मामलों के मंत्री की मौत हो गई. यह जानकारी गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने दी. अधिकारियों के मुताबिक विस्फोट मंत्रालय के भीतर हुआ. इस वजह से शरणार्थी मामलों के मंत्री खलील हक्कानी की मौत हो गई. बता दें कि खलील हक्कानी ऐसे वरिष्ठ पदाधिकारी थे जिनकी अफगानिस्तान में तालिबान के द्वारा सत्ता प्राप्त किए जाने के तीन साल के अंदर बम विस्फोट में मौत हुई है. हालांकि तत्काल बम विस्फोट की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है. अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, हक्कानी हक्कानी नेटवर्क का एक वरिष्ठ नेता था, जो तालिबान के भीतर एक शक्तिशाली आतंकवादी गुट है. हक्कानी समूह पर 20 साल के विद्रोह के दौरान पूरे अफगानिस्तान में बड़े हमले करने का आरोप है. बता दें उसका भतीजा, सिराजुद्दीन हक्कानी, अब नेटवर्क का नेतृत्व करता है और तालिबान के कार्यवाहक आंतरिक मंत्री के रूप में कार्य करता है. 2021 में तालिबान द्वारा देश पर कब्जा करने के बाद से अफगानिस्तान में हिंसा कम हो गई है, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका और नाटो के नेतृत्व वाली विदेशी सेनाओं के खिलाफ उनका युद्ध समाप्त हो गया है. हालांकि, इस्लामिक स्टेट की क्षेत्रीय शाखा, जिसे इस्लामिक स्टेट खुरासान के नाम से जाना जाता है, देश में सक्रिय है. आईएसआईएस खुरासन नियमित रूप से नागरिकों, विदेशियों और तालिबान अधिकारियों को बंदूक और बम हमलों के जरिए निशाना बनाती रही है।

### सूडान के उत्तरी दारफुर में अर्धसैनिक बलों के हमले में 15 लोगों की मौत



**खार्तूम , एजेंसी।** सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर के दक्षिण में एक विस्थापन शिविर और एक बाजार पर अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने तोपखाने से गोले दागे, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 64 अन्य घायल हो गए। उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम ख़ातिर ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया, अब तक 15 लोग मारे गए हैं और 64 अन्य घायल हुए हैं। वहीं जमजम शिविर और पशुधन बाजार पर आरएसएफ मिलिशिया का हमला अभी भी जारी है। हताहतों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 6ः00 बजे हुए हमले को सबसे हिंसक बताया। आरएसएफ ने 10 मई को एल फशर की घेराबंदी शुरू की थी।

### ब्रिटेन में सड़क दुर्घटना में भारतीय छात्र की मौत, चार लोग घायल

**लीसेस्टरशायर, एजेंसी।** बयान में कहा गया है, ''पंगुलुरी की मौके पर ही मौत हो गई तथा वाहन में सवार तीन अन्य यात्री और चालक को अस्पताल ले जाया गया। दो पुरुष यात्री गंभीर रूप से घायल हैं।'' बताया जा रहा है कि ये सभी लोग आंध्र प्रदेश से हैं। पूर्वी इंग्लैंड के लीसेस्टरशायर में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। लीसेस्टरशायर की पुलिस ने बताया कि हादसा मंगलवार सुबह हुआ जिसमें एक कार के खाई में गिर जाने से उसमें सवार चिरंजीवी पंगुलुरी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक महिला, दो पुरुष और चालक घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक (27) को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था लेकिन उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### एमआईटी में भारतीय मूल के पीएचडी छात्र को निलंबित किया गया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका स्थित 'मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' (एमआईटी) में पीएचडी कर रहे भारतीय मूल के एक छात्र को फलस्तीन समर्थक सक्रियता के कारण जनवरी 2026 तक निलंबित कर दिया गया है और उसने विश्वविद्यालय के फैसले के खिलाफ अपील की है। ' एमआईटी कोलिशन अगेंस्ट अपार्थेड' नामक एक संगठन ने 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' साझा करके बताया कि नेशनल साइंस फाउंडेशन के फेलो प्रह्लाद अयंगर को ''जनवरी 2026 तक निलंबित'' कर दिया गया है। संगठन ने कहा कि इस निलंबन से अयंगर की पांच वर्षीय एनएसएफ फेलोशिप समाप्त हो जाएगी तथा उनका शैक्षणिक कैरियर बुरी तरह प्रभावित होगा। उसने कहा कि 'इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस' विभाग में पीएचडी के छात्र अयंगर बुधवार को एमआईटी में कुलपति के समक्ष ''इस निर्णय के खिलाफ अपील कर रहे हैं'' जो ''इस उत्पीड़न को रोकने और उनकी अकादमिक गरिमा को बहाल करने का अंतिम अवसर है।'' संगठन ने कहा, ''यह निर्णय भाषण-संबंधी गतिविधियों के परिणामस्वरूप लगाए गए कई प्रतिबंधों में सबसे कठोर है।

# अदालत ने खारिज की हिंदू संत चिन्मय दास की अपील
## कहा- तय तारीख पर ही होगी जमानत याचिका पर सुनवाई

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की एक अदालत ने बुधवार को राजद्रोह के मामले में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि उनकी याचिका पर सुनवाई पहले तय की गई तारीख 2 जनवरी 2025 को होगी।

अदालत के अधिकारियों के मुताबिक, चटगांव मेट्रोपोलिटन सेशन जज सैफुल इस्लाम ने याचिका खारिज की, क्योंकि वकील के पास चिन्मय दास की ओर से याचिका दायर करने का अधिकार पत्र (पावर ऑफ अटॉर्नी) नहीं था। वकील रवींद्र घोष ने अदालत से याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, जब दूसरे वकील ने अदालत को बताया कि रवींद्र घोष के पास चिन्मय दास की ओर से उनका प्रतिनिधित्व करने का अधिकार पत्र नहीं है, तो जज ने उनकी जल्द सुनवाई की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि घोष ने कहा कि दास को झूठे और मनगढ़ंत मामले में फंसाया गया है, जबकि वे डायबिटीज, अस्थमा और अन्य बीमारियों से जूझ रहे हैं। हालांकि, वकील ने यह माना कि उन्होंने चिन्मय दास से अधिकार पत्र हासिल करने के लिए जेल में उनसे मुलाकात नहीं की थी। उन्होंने कहा, अब मैं चिन्मय दास से मिलने जेल जाऊंगा और उनसे अधिकार पत्र हासिल करूंगा। इससे पहले, तीन दिसंबर को होने वाली सुनवाई को अदालत ने 2 जनवरी 2025 तक के लिए स्थगित कर दिया था, क्योंकि उस दिन



आरोपी की ओर से कोई वकील पेश नहीं हुआ था। अभियोजन पक्ष के सुझाव पर यह तारीख बदली गई थी।

दास के एक सहयोगी और उनके सम्मिलित सनातनी जागरण जोत संगठन के सदस्य स्वतंत्र गौरंग दास ने पहले कहा था कि किसी भी वकील ने दास के लिए प्रतिनिधित्व नहीं किया, क्योंकि उन पर राजनीतिक रूप से प्रेरित वकीलों के समूह से दबाव था और धमकियां मिली थीं।

**हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए थे चिन्मय कृष्ण दास**

चिन्मय कृष्ण दास पहले इस्कॉन से जुड़े रहे हैं। उन्हें 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। अगले दिन चटगांव की अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया था और उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, क्योंकि उन पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप था। दास की गिरफ्तारी के बाद उनके अनुयायियों ने ढाका और अन्य स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए, जिसमें चटगांव में प्रदर्शन हिंसक हो गया, जहां एक वकील की मौत हुई। इस वकील की मौत के बाद इस्कॉन पर बांग्लादेश में प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। इस्कॉन ने भी यह कहते हुए दास से दूरी बना ली कि उन्हें छह महीने पहले संगठन से निकाल दिया गया था।

31 अक्तूबर को चटगांव के कोटवाली थाने में दास और उनके 18 अन्य सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरोप था कि उन्होंने बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया। जिसमें एक स्थानीय नेता भी शामिल था, जो पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी का सदस्य था। लेकिन उसे पार्टी से निकाल दिया गया था।

## एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे का पद छोड़ने का एलान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ने का एलान कर दिया है। रे ने कहा है कि वे जो बाइडन का कार्यकाल खत्म होने के बाद ही जनवरी में एफबीआई निदेशक का पद छोड़ देंगे। क्रिस्टोफर रे का यह एलान डोनाल्ड ट्रंप के उस एलान के एक हफ्ते बाद ही आया है, जिसमें ट्रंप ने कश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था। बुधवार को एफबीआई मुख्यालय में आयोजित हुई एक बैठक में क्रिस्टोफर ने पद छोड़ने का एलान किया। अभी रे के 10 साल के कार्यकाल में तीन साल का समय और बचा है। हालांकि जब ट्रंप ने कश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था तो तभी से इस बात की चर्चा थी कि क्रिस्टोफर रे समय से पहले इस्तीफा दे सकते हैं, लेकिन ट्रंप के शपथ लेने से पहले ही इस्तीफे का एलान कर क्रिस्टोफर रे ने चौंकाया है। माना जा रहा है कि नई सरकार के साथ किसी तरह के टकराव से बचने के लिए क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ना ही बेहतर समझा है। अपने कार्यकाल के दौरान रे ने एफबीआई को राजनीति से दूर रखने की कोशिश की। पद छोड़ने का एलान करते हुए क्रिस्टोफर रे ने कहा कि पद छोड़ने का एलान उनके लिए आसान नहीं है। मुझे इस जगह से प्यार है और मुझे अपने काम से भी प्यार है, लेकिन मेरा फोकस हमेशा इस बात पर रहा है कि एफबीआई के लिए क्या सही है। जब रे ने यह एलान किया तो उस दौरान बैठक में मौजूद कई लोगों की आंखों में आंसू भी देखे गए। वहीं रे के इस्तीफे के एलान पर ड्रोनाल्ड ट्रंप ने भी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में ट्रंप ने इसे अमेरिका के लिए एक अच्छा दिन बताया और इससे अमेरिका के अन्याय विभाग का शस्त्रीकरण बंद होगा।

## सिंगापुर में भारतीय नागरिक को जेल, अवैध रूप से 58 कछुए ले जाने का आरोप

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में अवैध रूप से कछुए ले जाने के लिए भारतीय नागरिक को एक साल और चार महीने की जेल की सजा सुनाई गई है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी को अगस्त में 58 इंडियन स्टार कछुओं के साथ पकड़ा गया था. द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया कि आरोपी अब्दुल जाफर हाजी अली के निजी सामान में कछुए छिपाए गए थे, जब वह 29 अगस्त को भारत से सिंगारपुर के चांगी एयरपोर्ट पर पहुंचा था, जहां से उसे जकार्ता के लिए दूसरी उड़ान लेनी थी. 40 वर्षीय अली ने सीलबंद बैग में कछुए छिपाए थे, जो हवादार नहीं था. सिंगापुर की अदालत ने देश में अवैध रूप से इंडियन स्टार कछुए लाने के लिए अली को दोषी ठहराया, क्योंकि इन कछुओं को अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (ढ्ढष्टह्) द्वारा लुप्तप्राय प्रजाति घोषित किया गया है. इससे पहले, अली पर लुप्तप्राय प्रजाति (आयात और निर्यात) अधिनियम और पशु एवं पक्षी अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे कि कछुओं को कोई नुकसान न पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम नहीं उठाया गया था. रिपोर्ट के अनुसार, कछुओं में से एक की मौत हो गई थी, जबकि 22 अन्य को बाद में कमजोर पाया गया. अली को ये कछुए अपने दोस्त से मिले थे, जिसकी पहचान अदालती दस्तावेजों में भाई के रूप में की गई है. भाई ने विदेश यात्रा की व्यवस्था करने में अली की मदद की थी, जिसमें फ्लाइट का टिकट और रहने की व्यवस्था करना शामिल था. इसके बदले में, भाई ने पैक किए गए सामान को जकार्ता तक ले जाने के लिए अली से मदद मांगी. सिंगापुर के नेशनल पार्क्स बोर्ड (एनपार्क) के वकील लिम चोंग हुई ने कहा कि अली ने पैकेज की सामग्री के बारे में नहीं पूछा और न ही भाई द्वारा 28 अगस्त को चेन्नई में इसे सौंपने के बाद कभी भी इसकी जांच की. लिम ने कहा कि आरोपी को भाई की उपस्थिति में सामान की सामग्री की जांच करने और उसे सत्यापित करने का पर्याप्त अवसर मिला था.



## सीरिया की क्षेत्रीय अंखडता के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र, इजरायल को सुनाई खरी-खरी

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ है। एक यूएन प्रवक्ता ने यह बयान दिया है। यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बशर अल-असद सरकार के पतन के बाद इजरायल ने गोलान हाइट्स में एक बफर जोन पर कब्जा कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, यह बहुत स्पष्ट है कि हम सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ हैं। हम इस तरह के हमलों के भी विरोध में हैं। दुजारिक से उन मीडिया रिपोर्ट्स के बारे में पूछा गया था जो इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के 320 सीरियाई सैन्य ठिकानों पर हमले को लेकर थी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, अल-असद की सरकार के पतन के बाद, इजरायल ने सीरिया में अपने सैन्य अभियान को तेज कर दिया और गोलान हाइट्स में एक गैर-सैनिक बफर जोन पर कब्जा कर लिया। दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र गोलान हाइट्स को सीरिया का कब्ज़ा वाला क्षेत्र मानता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम बफर ज़ोन पर आईडीएफ के कब्ज़े के बाद हुए 1974 के सीरिया-इजरायल समझौते के उल्लंघन के बारे में बहुत स्पष्ट थे। प्रवक्ता ने कहा, मुझे लगता है कि यह सीरिया के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

# ब्रिटेन में चचेरे भाई-बहन की शादी बैन करने की मांग
## सांसद ने कहा कि इससे आनुवांशिक बीमारियां बढ़ रहीं, भारतवंशी सांसद ने विरोध किया

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में एक कंजर्वेटिव नेता ने संसद में चचेरे भाई-बहनों के बीच शादी पर रोक लगाने की मांग की है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक रिचर्ड होल्डन ने बुधवार को प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि चचेरे भाई-बहनों के बीच शादियों से हुए बच्चों में बीमारियां और विकलांगता का खतरा बहुत बढ़ गया है। यह पब्लिक हेल्थ सिस्टम को प्रभावित कर रहा है। सांसद ने ऑक्सफोर्ड जर्नल ऑफ लॉ एंड रिलीजन शोध का हवाला देते हुए कहा कि इन शादियों से होने वाले बच्चों में सामान्य बच्चों की तुलना में आनुवांशिक बीमारियां होने का खतरा दोगुना ज्यादा होता है। यह प्रथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी खतरा है।

होल्डन ने कहा कि आधुनिक ब्रिटिश समाज के लिए यह प्रथा बिल्कुल भी सही नहीं है। देश के लिए चिंताजनक स्थिति पैदा हो गई है, क्योंकि उनके दादा-दादी के वक्त की तुलना में अब हालात ज्यादा खराब हो चुके हैं। हालांकि, पिछले कुछ साल से इसमें गिरावट आ रही है, क्योंकि कुछ युवा इस सिस्टम को नहीं मान रहे हैं, लेकिन फिर भी इस पर रोक लगाना जरूरी है। होल्डन ने कहा कि ब्रिटेन में कुछ प्रवासी समुदाय, जैसे कि ब्रिटिश-पाकिस्तानी और आयरिश ट्रैवलर्स में चचेरे भाई-बहनों के बीच विवाह दर ज्यादा है। इनमें करीब 40त्न शादियां फर्स्ट कजन (चचेरे भाई-



बहनों) के बीच होती हैं।

**ब्रिटेन में फर्स्ट कजन मैरिज पर कानून नहीं** सांसद ने कहा कि दुनियाभर में करीब 10प्रतिशत शादियां चचेरे भाई-बहनों में होती है। अफ्रीका के सहारा रीजन में 35 से 40 फीसदी लोग चेचेरे भाई-बहनों में शादी करते हैं। मिडिल ईस्ट और साउथ एशिया में भी यह कल्चर बेहद आम है। पाकिस्तान के कुछ हिस्से में तो यह 80प्रतिशत पहुंच चुकी है।

ब्रिटेन में भाई-बहन, माता-पिता या फिर अपने ही बच्चे से विवाह पर बैन है, लेकिन चचेरे भाई-बहनों के बीच शादियों को लेकर वहां कोई कानून नहीं है। होल्डन के प्रस्ताव पर कई कंजर्वेटिव साथियों का साथ मिला। हालांकि, सरकार के समर्थन के बिना यह कानून बनना संभव नहीं है। **भारतीय मूल के सांसद बोले- बैन समाधान नहीं, जागरूकता बढ़ाएं** निर्दलीय ब्रिटिश सांसद इकबाल मोहम्मद ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है। उन्होंने संसद में कहा कि चचेरे भाई-बहनों की शादियों पर प्रतिबंध लगाना सही नहीं है। गुजराती मूल के सांसद ने कहा कि इस परेशानी को जागरूकता से ही दूर किया जा सकता है। इकबाल मोहम्मद मूल रूप से गुजरात के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि उप-सहारा अफ्रीकी आबादी का 35 प्रतिशत से 50 प्रतिशत हिस्सा तो चचेरे भाई-बहन की शादी को पसंद करते हैं। यह मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में बेहद आम है। मोहम्मद ने कहा कि चचेरे भाई-बहनों में शादियां बहुत आम है, क्योंकि इससे पारिवारिक बंधन बनाने में, पारिवारिक संपत्ति सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

## हिजाब नहीं पहना तो मौत की सजा; ईरान का नया कानून और खतरनाक, 2 साल पहले खिलाफत में उठी थी आवाजें

**तेहरान, एजेंसी।** अपने सख्त कानूनों को लेकर चर्चा में रहने वाले ईरान ने हिजाब को लेकर नए कानून बनाए हैं जिस पर विवाद खड़ा हो गया है। इन कानूनों के तहत हिजाब नियमों का उल्लंघन करने पर महिलाओं को मौत की सजा तक दी जा सकती है। ईरान के नए कानून के अनुच्छेद 60 के तहत उल्लंघन करने पर महिलाओं को जुर्माना भरने, कोड़े खाने या कठोर जेल की सजा हो सकती है। वहीं एक से ज्यादा बार अपराध करने वालों को 15 साल तक की जेल या फांसी की सजा भी हो सकती है। ईरानी अधिकारियों ने देश में ड्रेस कोड का उल्लंघन करने वाली महिलाओं के लिए विवादास्पद हिजाब क्लीनिक खोलने का भी ऐलान किया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी मीडिया या संगठनों में हिजाब विरोधी विचारों को बढ़ावा देने के आरोपी लोगों को 10 साल तक की जेल की सजा मिलेगी। साथ ही 12,500 पाउंड तक का जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। इसके अलावा कानून का उल्लंघन करने वाली महिलाओं की गिरफ्तारी को रोकने या हस्तक्षेप करने की




कोशिश करने वाले लोगों को भी नहीं बख्शा जाएगा। ईरान की सरकार ऐसे लोगों को सीधे जेल में डाल सकती है। ईरान के मुताबिक नए कानूनों का उद्देश्य हिजाब की संस्कृति की पवित्रता को बनाए रखना है। ईरान ने कहा है कि ढंग से कपड़े ना पहनने, नग्नता को बढ़ावा देने या चेहरे को ढकने का विरोध करने पर कठोर से कठोर सजा दी जाएगी। गौरतलब है कि 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ईरान ने महिलाओं को सार्वजनिक जगहों पर बाल ढकने का कानून लागू किया है। 2022 में इन कानूनों के विरोध में देश भर में प्रदर्शन हुए थे। ईरान में 16 सितंबर, 2022 को 22 वर्षीय कुर्द महिला महसा अमिनी की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। महसा को तेहरान में तैनात मोरल पुलिस ने देश के ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसकी मौत के बाद पूरे देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। इन प्रदर्शनों में कई सुरक्षाकर्मियों सहित सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। तब ईरानी सरकार ने इन प्रदर्शनों को रोकने के लिए हजारों प्रदर्शकारियों को गिरफ्तार किया था।

## ट्रंप ने की दो और प्रमुख नियुक्तियां, ड्रयू फर्गुसन को एफटीसी चीफ तो किंबर्ली को ग्रीस का राजदूत चुना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो और प्रमुख नियुक्तियां की है। ट्रंप ने एंड्रयू फर्गुसन को फेडरल ट्रेड कमिशन (एफटीसी) के अगले प्रमुख के तौर पर नामित किया है। वहीं ग्रीस में अमेरिकी राजदूत के तौर पर किंबर्ली गिलफॉयल को नियुक्त किया है। फर्गुसन लीना खान की जगह लेंगे, जो अरबों डॉलर के कॉरपोरेट अधिग्रहणों को अवरुद्ध करके तथा प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार का आरोप लगाते हुए अमेजन और मेटा पर मुकदमा दायर करके चर्चा का केंद्र बनीं। ग्रीस में अमेरिका के राजदूत की नियुक्ति ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच के जरिये किंबर्ली गिलफॉयल को ग्रीस के लिए अमेरिका का राजदूत नामित किया। गिलफॉयल लंबे समय से ट्रंप की समर्थक रही हैं और उनके बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर से उनकी सगाई हुई थी। ट्रंप ने टॉम बराक को तुर्किये में राजदूत नियुक्त करने की घोषणा की और उन्हें एक सम्मानित और अनुभवी आवाज कहा। फर्ग्यूसन पहले से ही एफटीसी के पांच आयुक्तों में से एक हैं। डेविड ओ सैक्स बने थे एआई और क्रिप्टो जार बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रशासन में अहम नियुक्ति की। ट्रंप ने अपने करीबी और अरबपति उद्योगपति डेविड सैक्स को व्हाइट हाउस का एआई और क्रिप्टो जार नियुक्त किया है। डेविड सैक्स कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्रिप्टो करेंसी पर ट्रंप सरकार को सलाह देंगे। डेविड के नाम का एलान करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि डेविड सरकार की एआई और क्रिप्टोकरेंसी पर नीतियों का नेतृत्व करेंगे। ये दोनों क्षेत्र भविष्य में अमेरिकी प्रतिस्पर्धा के लिहाज से बेहद अहम हैं। डेविड ऑनलाइन फ्री स्पीच की रक्षा करेंगे और हमें बड़ी तकनीकी कंपनियों और उनकी सेंसरशिप से दूर रखेंगे।

**मस्क के करीबी जेरेड को मिली थी जिम्मेदारी :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पेसएक्स के मालिक व अरबपति कारोबारी एलन मस्क के करीबी जेरेड इसाकमैन को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) प्रमुख चुना था। इसाकमैन पेमेंट कंपनी शिफ्ट4 पेमेंट्स के सीईओ हैं। वह निजी अंतरिक्ष यात्री मिशनों का संचालन करने के लिए स्पेसएक्स वाहनों का उपयोग करने वाले कार्यक्रम का हिस्सा भी हैं।

# साउथ कोरियाई प्रेसिडेंट बोले- मार्शल लॉ कानूनी फैसला था

**सियोल, एजेंसी।** साउथ कोरिया में मार्शल लॉ लगाने वाले राष्ट्रपति यून सुक योल ने गुरुवार को टीवी पर संबोधन दिया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक उन्होंने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वे पद से नहीं हटेंगे और महाभियोग लगाए जाने के खिलाफ अंत तक लड़ते रहेंगे। यून ने कहा कि संसद में सैनिकों को भेजना विद्रोह नहीं है। लोकतंत्र को खत्म होने से रोकने और संसद में विपक्ष की तानाशाही का मुकाबला करने के लिए उन्होंने मार्शल लॉ लगाने का फैसला लिया। यह पूरी तरह से कानूनी था।

यून ने कहा- चाहे मेरे खिलाफ जांच की जाए या महाभियोग लाया जाए, मैं निष्पक्ष रूप से इसका सामना करूंगा रहूंगा। मैं आखिर तक लड़ता रहूंगा। इससे पहले 7 दिसंबर को राष्ट्रपति यून ने मार्शल लॉ लगाने के लिए देश से माफी मांगी थी। उन्होंने लाइव टीवी पर सिर झुकाकर जनता के सामने मार्शल लॉ लगाए जाने को गलत कहा था। तब उन्होंने कहा था कि ये फैसला कानूनी या राजनीतिक वजहों से नहीं बल्कि हताशा में लिया गया था।

**राष्ट्रपति बोले- लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहा विपक्ष** यूं ने विपक्ष पर सरकार के कामकाज को रोकने का आरोप लगाया। दरअसल मार्शल लॉ मामले के बाद साउथ कोरिया में राष्ट्रपति ने 673.3 ट्रिलियन वॉन (करीब 40 लाख करोड़ रुपए) का बजट पारित करने की कोशिश की, लेकिन मुख्य विपक्षी दल ने इसमें कटौती कर दी।



विपक्ष के इस कदम से नाराज राष्ट्रपति ने कहा कि देश की विपक्षी पार्टी लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है। साउथ कोरिया में विपक्षी पार्टी ही बहुमत में है। संसद में 300 सीटों में से मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया को 171 सीटें मिली हुई हैं। साउथ कोरिया में 4 दशक बाद मार्शल लॉ साउथ कोरिया में राष्ट्रपति यून ने 3 दिसंबर की रात देश में मार्शल लॉ लागू कर दिया था। हालांकि, भारी विरोध के बाद उन्होंने 6 घंटों के भीतर ही अपना फैसला वापस ले लिया था। यून के इस कदम के बाद दक्षिण कोरिया में उनका काफी विरोध हो रहा है उन्हें पद से हटाए जाने की भी कोशिशें हो रही हैं। राष्ट्रपति की ही पार्टी के नेता अब उन्हें हटाने में जुट गए हैं। सत्ताधारी पीपुल्स पावर पार्टी के महासचिव हान डोंग-हुन ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र सुरक्षित रहे इसके लिए राष्ट्रपति का हटना जरूरी है।

**राष्ट्रपति को हटाने के लिए फिर से प्रस्ताव लाएगा विपक्ष** पिछली बार शनिवार को राष्ट्रपति यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। लेकिन जरूरी 200 सांसदों का इसे समर्थन नहीं मिल पाया था। इसे लेकर हान ने कहा कि पिछली बार कई सांसद राष्ट्रपति को हटाने और न हटाने को लेकर भ्रम में पड़ गए थे और उन्होंने वोटिंग नहीं की थी। अब ये भ्रम की स्थिति दूर होनी चाहिए। हान ने कहा कि इसे रोकने का एक ही तरीका ये है कि हर सांसद संसद भवन में आए और अपने विवेक के आधार पर वोट डाले। साउथ कोरिया में विपक्षी पार्टी ष्ठक्क्र राष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए दूसरी बार महाभियोग प्रस्ताव ला सकती है। यह प्रस्ताव शनिवार को लाया जा सकता है।

## इंद्री में दुकान में लगी आग, सारा सामान जलकर राख... लाखों का नुकसान



इंद्री। इंद्री के मेन बाजार गुरद्वारा के पास पंसारी की दुकान में आग लग गई जिससे काफी नुक्सान हो गया है। दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग इतनी भयंकर थी कि कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। बताया जा रहा कि पंसारी की दुकान में लाखों का नुक्सान हुआ है। विक्की मल्होत्रा का कहना है कि अल सुबह तीन बजे दुकान में इतनी भयंकर आग लगी, जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि फायर ब्रिगेड़ की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। दुकान में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट हो सकता है, जांच जारी है। जाँच के बाद ही पता चल पाएगा कि आग किन कारणों के चलते लगी है।

## 'यहां बस चलानी है तो...', बदमाशों ने पानीपत में यूपी की बस में तोड़फोड़ कर दी धमकी



पानीपत । बदमाशों का आतंक बढ़ता जा रहा है। उनमें पुलिस का कोई खौफ नहीं है। ताजा मामला पानीपत से सामने आया जहां बदमाशों ने पानीपत शहर में थाने के सामने पुराने अड्डे के पास यूपी की प्राइवेट बस में तोड़फोड़ की जबकि कंडक्टर से पैसे भी छीन लिए। बदमाशों ने बस संचालक को धमकी दी है कि अगर यहां बस चलानी है तो मंथली देनी होगी। नहीं तो जान से मार देंगे। पीड़ित कंडक्टर ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### जान से मारने की दी धमकी

शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बुलंदशहर जिले का रहने वाला है। वह पानीपत से मैनपुर उत्तर प्रदेश ट्रैवलर बस में काम करता है। वह उक्त बस का कंडक्टर है। 3 दिसंबर को वह बस में सवारियां लेकर यूपी से आ रहा था। 4 दिसंबर को सुबह करीब 7 बजे वह बस लेकर पुराने बस स्टैंड के बाहर पहुंचा। वह सवारियों को उतार रहा था। अचानक 5 युवक आए। उन्होंने आते ही गाली-गलौच तथा बस में तोड़फोड़ की। इसके बाद उन्होंने धमकी दी कि अगर दोबारा बस यहां लेकर आया तो जान से मार देंगे। इसके साथ ही बदमाशों ने बुकिंग के करीब 35 हजार रुपये भी छीन लिए। बदमाशों ने कहा कि पानीपत में बस चलाओगे तो महीनेदारी देनी पड़ेगी। यहां बस चलेगी तो सिर्फ सुनील की चलेगी।

## दर्दनाक : फरीदाबाद में कंपनी में लिफ्ट में फंसकर कामगार की मौत, 6 महीने से कर रहा था काम

फरीदाबाद । फरीदाबाद स्थित ओरिएंट फैन कंपनी में कामगार की लिफ्ट से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें कामगार लिफ्ट में माल लोड कर रहा था। तभी अचानक लिफ्ट चल पड़ी और वह उसमें फंस गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लिफ्ट को सील कर जांच शुरू कर दी है कि हादसे का कारण क्या रहा है।

**पिछले 6 महीने से कंपनी में कर रहा था काम** – मृतक का नाम अनिल थापा था, जो ठेकेदार के मार्फत यहां पिछले 6 महीने से काम कर रहा था और लिफ्ट में सामान ले जाने के लिए उसमें लोड कर रहा था तभी अचानक लिफ्ट चल पड़ी और वह नीचे गिर गया जिसे ईएसआईसी अस्पताल में लेकर जाया जहां उसकी जान चली गई। वहीं कंपनी के कर्मचारी अरविंद तिवारी ने बताया कि मृतक अनिल थापा ठेकेदार के द्वारा यहां काम कर रहा था और लिफ्ट में माल लोड कर रहा था तभी अचानक लिफ्ट चल पड़ी और वह लिफ्ट के पिलर में फंसकर गिर गया लेकिन कंपनी ने काफी देर बाद उसे अस्पताल पहुंचाया और उसे प्रॉपर इलाज भी नहीं मिल पाया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि अब वह पुलिस कार्रवाई को लेकर पुलिस चौकी में पहुंचे हैं।

## धागा फैक्ट्री में आग लगने का मामला : जिदंगी की जंग हारा 8 दिन पहले झुलसा श्रमिक, मौके पर जिंदा जले थे 2 मजदूर

पानीपत । पानीपत जिले के इसराना उपमंडल में स्थित में गुप्ता धागा फैक्ट्री में 8 दिन पहले लगी आग में झुलसे एक और श्रमिक की मौत हो गई। हादसे में दो श्रमिक मौके पर ही जिंदा जल गए थे जबकि तीन बुरी तरह झुलस गए थे। इन झुलसे हुए में एक और श्रमिक ने इलाज के दौरान आज दम तोड़ दिया। हालांकि इस मामले में घटना की अगली सुबह मृतक परिवार वालों के बयानों पर फैक्ट्री मालिक पर केस दर्ज हो चुका है। लेकिन तीन मौत हो जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपी फैक्ट्री मालिक की गिरफ्तारी नहीं की है।

**4 बच्चों का पिता था मृतक**– मृतक की पहचान 31 वर्षीय काबिल के रूप में हुई है। वह उत्तर दिनाजपुर, पश्चिक बंगाल का रहने वाला था। वह चार बच्चों का पिता था, जोकि हाल में इसराना थाना क्षेत्र में रहता था। मृतक के शव को सिविल अस्पताल लाया गया। जहां परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

**20 साल से चल रही यह फैक्ट्री**– जानकारी के मुताबिक यह घटना इसराना उपमंडल के अंतर्गत गांव बलाना की थी। जहां शिव फैब्रिक (गुप्ता धागा फैक्ट्री) नाम की धागा फैक्ट्री है। यह फैक्ट्री करीब 20 साल से चल रही है। 8 दिन पहले देर रात करीब साढ़े 12 बजे यहां संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इसके बाद चंद सेकेंड में ही आग बढ़ गई।

वहीं फैक्ट्री के मालिक ने बताया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इसके बाद फैक्ट्री में रात के समय मौजूद 2 कर्मचारी जिंदा जलकर मर गए थे। मृतकों की पहचान सुमित और तसमिल के रूप में हुई थी। आग ने बिल्डिंग और माल के साथ मशीनों को भी नुकसान पहुंचाया है। दोनों मृतकों में से एक सुमित (32) गांव सौंदापुर का रहने वाला था। वह 2 बेटों का पिता था। उसके बड़े भाई की मौत करीब 11 साल पहले बीमारी के कारण हो गई थी। इसके 2 साल बाद उसकी मां का भी देहांत हो गया था। फिर 1 साल बाद पिता की भी कैंसर से मौत हो गई। सुमित की 2 बहनें हैं, जिनका वह इकलौता भाई था। वह अक्सर फैक्ट्री में नाइट शिफ्ट में काम पर रहता था। बताया जा रहा है कि करीब 3 साल पहले इसी फैक्ट्री में काम करने के दौरान उसका मशीन में हाथ आ गया था, जिससे उसके बाएं हाथ की पांचों उंगलियां कट गई थीं। सुमित का पत्नी के साथ मनमुटाव रहता था, इसलिए लंबे समय से वह मायके में रह रही है। इस समय सुमित अपनी बहन के पास गांव पलड़ी में रह रहा था।

# हरियाणा सरकार की खिलाड़ियों को बड़ी सौगात, सैनी सरकार ने कर दिया ये बड़ा ऐलान

**कुरुक्षेत्र ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों की बदौलत हरियाणा का नाम विश्व के खेल मानचित्र पर चमक रहा है। प्रदेश में लगातार बढ़ रही खेल संस्कृति को देखते हुए सरकार ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और कल्याण के लिए अपने संकल्प पत्र 2024 में हर खिलाड़ी को 20 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर देने का संकल्प लिया है। इसी प्रकार राज्य स्तर पर प्रति वर्ष तीन सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख रुपये, 30 लाख रुपये व 20 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर भी तीन सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 15 लाख, 10 लाख और 5 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र में हरियाणा कुश्ती दंगल के समापन अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा भी उपस्थित रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से इस दंगल में जिला और क्षेत्रीय स्तर पर 500 से अधिक पहलवानों ने भाग लिया। यह गर्व का विषय है कि आज कुश्ती के विभिन्न श्रेणियों के फाइनल राउंड में पहुंचे 32 पहलवानों में से 16 लड़कियां हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती है। जनसंख्या व क्षेत्रफल की दृष्टि से हरियाणा बेशक छोटा राज्य है,



लेकिन खेल के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियां बेमिसाल हैं। हरियाणा ने खेल के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में हुए अनेक बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में अनेक बदलाव हुए हैं। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर, चयन प्रक्रिया, खिलाड़ियों को आर्थिक मदद देने वाली योजनाओं और उन्हें ट्रेनिंग देने वाली योजनाओं को प्रभावी बनाया गया है। इसी से प्रेरणा लेते हुए हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने भी नई खेल नीति लागू की और जमीनी स्तर से ही टैलेंट की खोज से लेकर उनको प्रशिक्षण प्रदान कर ओलंपिक तक पहुंचाने का एक रोडमैप बनाया गया। इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में अति आधुनिक खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। इस नई खेल संस्कृति से खिलाड़ियों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। ओलम्पिक के अलावा, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भी हमारे नौजवानों ने अपनी धाक जमाई हुई है।

### सरकार ने खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार किया सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने हेतु 'हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021' बनाये हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाये गये। इसके अलावा, 224 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है। खिलाड़ियों के लिए ग्रुप-ए से ग्रुप-डी तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जो पदक विजेता खिलाड़ियों को सबसे अधिक नकद पुरस्कार देता है। अब तक खिलाड़ियों को 593 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार दिए हैं। इसके अतिरिक्त, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 298 खिलाड़ियों को मानदेय भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले तथा पदक जीतने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2014 से अब तक 29 हजार से अधिक छात्रों को 53 करोड़ 45 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

### राज्य में मजबूत खेल इन्फास्ट्रक्चर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है ताकि खिलाड़ियों को सभी आधुनिक सुविधाएं प्राप्त हो सकें। प्रदेश सरकार ने खेल नर्सरियां खोली हैं और खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता के साथ-साथ आधुनिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। इस समय प्रदेश में 1,489 खेल नर्सरियां कार्यरत हैं। इनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन नर्सरियों में नामांकित 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपये तथा 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 2,000 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं। उन्होंने कहा खेल दुनिया को जोड़ने का एक बहुत मजबूत और सशक्त माध्यम है। मैदान कोई भी हो, चुनौती कैसी भी हो, हमें हर हाल में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

### 2 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला हरियाणा आज खेलों का पावरहाऊस- गौरव गौतम

इस मौके पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हमारे खिलाड़ी खेल प्रतिभा की बदौलत हरियाणा का नाम देश-दुनिया में रोशन कर रहे हैं। यह गर्व की बात है कि हमारी बेटियां भी खेलों में अपना परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश की 2 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला हरियाणा आज खेलों का पावरहाऊस बना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा की खेल नीति के चलते खिलाड़ियों ने अनेकों राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले 10 सालों में राज्य में खेल क्षेत्र के लिए 48 करोड़ रुपये की राशि दी। जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने 550 करोड़ रुपये खिलाड़ियों और खेल सुविधा के लिए खर्च की है।

## किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने कसी कमर, टिकरी बॉर्डर पर सख्ती

**बहादुरगढ़।** एक तरफ पंजाब हरियाणा सीमा पर किसान संगठन लगातार दिल्ली कूच का ऐलान कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए टिकरी बॉर्डर पर भी तमाम इंतजाम कर रखे हैं। दिल्ली के बॉर्डर पर मल्टीलेयर बेरिकेडिंग की व्यवस्था के साथ ही वज्र वाहन तैनात किए हैं। वहां सीसीटीवी और साउंड सिस्टम भी इंस्टॉल किया जा चुका है, ताकि किसानों को किसी भी सूरत में बॉर्डर को पार करने नहीं दिया जाए।

किसान एक बार फिर दिल्ली कूच का ऐलान कर चुके हैं, तो दिल्ली पुलिस ने टिकरी बॉर्डर पर एहतियाती कदम उठाए हैं। टिकरी व झाड़ोदा बॉर्डर पर कंटेनर आदि अवरोधक के रूप में रखे गए हैं। भारी मात्रा में सीसीटीवी (CCTV) और साउंड सिस्टम लगाए गए हैं। वज्र वाहन भी तैनात किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। हरियाणा-दिल्ली सीमा पर बढ़े तनाव के बाद से ही स्थानीय उद्यमी भी चिंतित हैं।

बता दें कि हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पर



पिछले 9 महीने से आंदोलनरत किसान 8 दिसंबर से ही दिल्ली कूच का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि करीब 9 महीने पहले फरवरी महीने में भी किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया था। उस समय तो बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 मोड़ से टिकरी बॉर्डर तक मल्टीलेवल बेरिकेडिंग की गई थी। दिल्ली की एंट्री से पहले सीमेंट के बेरिकेड, उसके बाद लोहे के बेरिकेड, फिर कटीली तारों की बेरिकेडिंग और उसके बाद कंटेनर लगाए गए थे।

## देश व प्रदेश का है किसान, इस पर राजनीति न करें कांग्रेस : मोहनलाल बड़ोली



**सोनीपत।** सोनीपत में आज प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने अपने निवास स्थान पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान बड़ौली ने कहा कि हमारा सदस्यता अभियान अभी भी जारी है और अभी तक 34 लाख बीजेपी के सदस्य बने हैं। सक्रिय सदस्यों का अभियान शुरू है। वहीं किसानों पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश और देश किसानों का है। कांग्रेस पार्टी इस पर राजनीति न करें। उन्हें दिल्ली जाने से किसी ने नहीं रोका है।

इस दौरान मोहनलाल बडौली ने कहा हरियाणा पहली सरकार बनी है जो एमएसपी पर फैसले खरीद रही है। हरियाणा का किसान सरकार की नीतियों से संतुष्ट है। कांग्रेस के लोग खुद जाकर देखें दिल्ली जाने से कोई नहीं रोकता हैं। कांग्रेस के लोग किसानों पर राजनीति ना करें। देश और प्रदेश में अव्यवस्था फैलाकर कांग्रेस राजनीति न करें। कांग्रेस के पास राजनीति करने के और बहुत तरीके हैं। बजरंग पूनिया के शंभू बॉर्डर पर जाने पर कहा कि वहां कोई भी जा सकता है किसी को नहीं रोका जाता है।

## एमपी रामचंद्र जांगड़ा बोले- किसान आंदोलन में हरियाणा में बढ़ा नशा, किसान नेता पंढेर ने किया पलटवार

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा से बीजेपी के सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने किसान आंदोलन को लेकर विवादित बयान दिया है। इसको लेकर किसान भड़क गए हैं। दूसरी ओर किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने भी भाजपा सांसद राम चंदर जांगड़ा के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि रामचंद्र जांगड़ा गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। रामचंद्र जांगड़ा को इस ब्यान पर माफी मांगनी चाहिए। साथ में पंढेर ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से अपील की है कि रामचंद्र जांगड़ा को बीजेपी से बाहर निकाल दें। अगर राम चंदर को पार्टी से बाहर नहीं निकालते हैं, तो उन्हें अपनी टिप्पणी के



लिए माफी मांगनी चाहिए।

इसके अलावा किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हमारे पास बहुत से किसान संगठन हैं। केंद्रीय एजेंसियों को इस चीज का ध्यान देना चाहिए कि वह किसानों को कमजोर करने की कोशिश ना करें। पंजाब के लोग आज भी हमारे साथ हैं। हम लगातार संघर्ष कर रहे हैं और हमारी जीत होगी जैसे पहले आंदोलन में जीत हुई थी।

### सांसद रामचंद्र जांगड़ा का बयान

बता दें हरियाणा से बीजेपी के सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने किसान आंदोलन को लेकर विवादित बयान दिया था। दरअसल, जांगड़ा ने कहा था कि पहली बार हुए किसान आंदोलन के बाद हरियाणा में नशा बढ़ा है। किसान नशे के सौदागर और कसाई हैं। हरियाणा के युवा अब नशे की चपेट में आने लगे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान टिकरी और सिंघु बॉर्डर के गांवों से 700 लड़किया भी गायब हुई हैं। इतना ही नहीं बीजेपी सांसद ने कहा कि युवाओं को बहकाने वाले और राज्य को नुकसान पहुंचाने वाले आंदोलन से दूर रहे।

## सनसनीखेज ! हरियाणा में मिला महिला का गर्दन कटा शव, पास ही पड़े थे कोंडोम का पैकेट....

सोनीपत। सोनीपत के सेक्टर तीन में पड़ी खाली जगह में एक गर्दन कटा महिला शव मिलने से फैल गई। महिला की निर्मम हत्या की गई है। सूचना के बाद सेक्टर 27 थाना पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोर्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले में गहनता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत के सेक्टर 3 में उस समय हड़कम मच गया जब एक गर्दन कटी महिला का शव पड़ा हुआ मिला। सूचना के बाद सेक्टर 27थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव के आसपास छानबीन की गई। महिला के शव के पास से कुछ कागजात और आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने महिला के पति को मौके पर बुलाया। महिला के पति ने जानकारी दी की कपड़ों के आधार पर उसने पहचान की है। मृतक महिला का नाम चिमनी देवी और आयु 51 साल है। ये बिहार के रहने वाले हैं और सोनीपत में 10 साल से किराए पर रहते हैं । महिला एक निजी हॉस्पिटल में सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करती थी। कल घर पर नाइट ड्यूटी की बात कह कर आई थी। महिला के पति ने किसी से कोई झगड़ा या दुश्मनी की बात से भी इंकार कर दिया है। वमामले में जानकारी देते हुए सेक्टर 27 थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि सेक्टर 3 के खाली एरिया में महिला का शव पड़ा है। मौके पर पहुंच कर महिला के शव को कब्जे में लिया गया और हॉस्पिटल भेजा गया है। महिला की गर्दन काटी गई है और शरीर पर अन्य जगह पर भी निशान मिले हैं, महिला की उंगलियां भी काटी गई है, मामले में गहनता से जांच शुरू कर दी गई है।

## एक देश-एक चुनाव से देश विकसित राष्ट्र बनने के लिए तीव्र गति से आगे बढ़ेगा: नायब सैनी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय कैबिनेट की ओर से एक देश-एक चुनाव को मंजूरी दिए जाने के बाद देश भर में शुरू हुई चर्चाओं के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसले का स्वागत करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण फैसला बताया है। यह बात मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसान भवन में किसान हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के पश्चात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि हठकरघा और हस्तशिल्प का बहुत महत्व है। प्रदर्शनी में देश की कला के सुंदर नमूने रखे गए हैं। भारत को सोने की चिड़िया बनाने में शिल्पकारों का बहुत बड़ा हाथ है। हर शिल्पकार की अलग पहचान और कला है।

### 'तीव्र गति से आगे बढ़ेगा देश'

सैनी ने कहा कि अब तक लगातार 5 साल के दौरान किसी ना किसी चुनाव में ही व्यस्त रहते थे। कभी पंचायत, कभी नगर पालिका, कभी विधानसभा और कभी लोकसभा के चुनाव में ही लगे रहते थे। इस पर पैसे के साथ समय भी काफी खराब होता था। साथ ही विकास को भी गति नहीं मिल पाती थी, क्योंकि चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो जाती थी, जिसके चलते सभी विकास कार्य ठप हो जाते थे। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लिया गया फैसला स्वागत के योग्य है। इससे देश विकसित राष्ट्र बनने के लिए तीव्र गति से आगे बढ़ेगा।

### 'चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार'

हरियाणा में चल रही निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। पार्टी की ओर से कई स्थानों पर अपने निशान पर चुनाव लड़ा जाता है और कई स्थानों पर बिना निशान के चुनाव लड़ा जाता है। इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी आपस में बैठकर चर्चा कर फैसला करेंगे।

## हरियाणा से निर्विरोध जीतीं बीजेपी प्रत्याशी रेखा शर्मा, राज्यसभा जाना हुआ तय

**चंडीगढ़ ।** राज्यसभा के उपचुनाव को लेकर जारी प्रक्रिया के बीच हरियाणा से बीजेपी की प्रत्याशी रेखा शर्मा को निर्विरोध राज्यसभा का सांसद घोषित कर दिया गया है। उनके खिलाफ किसी पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। बता दें आज यानी 13 दिसबंर को हरियाणा राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन वापसी का आखिरी दिन था। भाजपा ने राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। दूसरी ओर, भाजपा के मुकाबले के लिए कांग्रेस या फिर किसी अन्य दल की ओर से किसी को चुनावी मैदान में नहीं उतारा गया था। ऐसे में भाजपा की उम्मीदवार रेखा शर्मा निर्विरोध जीत गई है। रिटर्निंग अधिकारी आईएएस अशोक कुमार मीणा ने रेखा शर्मा को जीत का सर्टिफिकेट सौंपा। 90 सीटों वाली हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं जबकि 3 निर्दलीयों का भी उन्हें समर्थन है। ऐसे में बीजेपी उम्मीदवार की जीत पहले से ही तय थी। रेखा शर्मा ने नामांकन के आखिरी दिन 10 दिसंबर को आवेदन किया था। बता दें कि हरियाणा की 5 राज्यसभा सीटें हैं। इनमें से 4 पर भाजपा सीधे काबिज हो चुकी है। जिनमें रेखा शर्मा और उनसे पहले सुभाष बराला, रामचंद्र जांगड़ा और किरण चौधरी शामिल हैं। इसके अलावा निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा भी भाजपा के समर्थन से राज्यसभा सांसद चुने जा चुके हैं। उनकी मां शक्तिरानी शर्मा कालका से भाजपा की विधायक हैं। बता दें कि राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा ने 10 दिसंबर को नामांकन भरा था और 13 दिसंबर को नामांकन वापसी का आखिरी दिन है। कांग्रेस का कोई उम्मीदवार न होने के कारण वह निर्विरोध जीत गई है। वहीं, हरियाणा भवन में प्रदेश भाजपा की ओर से रेखा शर्मा के स्वागत में समारोह का आयोजन भी किया गया है। इसमें समाज कल्याण बोर्ड हरियाणा की अध्यक्ष सुमित्रा चौहान सहित कई भाजपा के कद्दावर नेता मौजूद रहेंगे।



# माननीय मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने आंगनवाड़ी केंद्र मोरटी में केक काटकर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम

## 20 नवजात कन्याओं को किया सम्मान पत्र बेबीकिट, खिलौने, मिठाई एवं चॉकलेट वितरित







संस्कार उजाला
**गाजियाबाद, (आशा चौधरी)** माननीय मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद गाजियाबाद के आंगनवाड़ी केंद्र मोरटी में केक काटकर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माननीय मंत्री जी द्वारा 20 नवजात कन्याओं को सम्मान पत्र बेबीकिट, खिलौने, मिठाई एवं चॉकलेट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मनोज कुमार पुष्कर, जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद ने महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही आंगनवाड़ी के माध्यम से योजना के अंतर्गत आवेदन कराए जाने हेतु बताया गया।

इसी क्रम में माननीय मंत्री जी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पर नींबू का वृक्षरोपण किया गया तथा उक्त पौधे में प्रतिदिवस पानी दिए जाने ओर उसकी संपूर्ण देखभाल किए जाने का दायित्व आंगनवाड़ी सहायिका को दिया गया। कार्यक्रम में मनोज कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, विनीता चंद्र प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रीमती शारदा बाल विकास परियोजना अधिकारी राजपुर, खंड शिक्षा अधिकारी, सागर श्रीवास्तव संरक्षण अधिकारी, लोकेंद्र सिंह विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, प्रीति मालिक सेंटर मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

# माननीय मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने किया वन स्टॉप सेंटर यूनिट 1 संजय नगर गाजियाबाद का निरीक्षण

## माननीय मंत्री जी द्वारा सेंटर की कार्यप्रणाली और प्राप्त केसों की समीक्षा की



**सेंटर पर आने वाली महिलाओं की नियमित काउंसिलिंग की जाएः माननीय मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला**

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद।** माननीय मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद गाजियाबाद के वन स्टॉप सेंटर यूनिट 1 संजय नगर गाजियाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय माननीय मंत्री जी द्वारा सेंटर की कार्यप्रणाली और प्राप्त केसों की समीक्षा की गई। माननीय मंत्री जी द्वारा सेंटर मैनेजर को निर्देश दिये कि सेंटर पर आने वाली महिलाओं की नियमित काउंसिलिंग किए जाने के निर्देश दिए गए साथ ही पुलिस विभाग का सहयोग लेते हुए महिलाओं को उनके घर में ही आवासित कराया जाए। माननीय मंत्री जी द्वारा निर्देश दिए गए कि जनपद के सभी स्कूलों/विद्यालयों में विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। निरीक्षण के समय मनोज कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, सागर श्रीवास्तव संरक्षण अधिकारी, प्रीति मालिक सेंटर मैनेजर व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

# कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के सभी छात्रों की निपुण असेसमेंट परीक्षा (NAT) सकुशल सम्पन्न



संस्कार उजाला
**गाजियाबाद ( आशा चौधरी)** जनपद गाजियाबाद के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के सभी छात्रों की निपुण असेसमेंट परीक्षा (एनएटी) का आयोजन किया गया। दो दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन भी परीक्षा शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। निपुण आकलन परीक्षा का यह महापर्व जनपद के सभी 446 परिषदीय विद्यालयों में आयोजित किया गया। इस परीक्षा में बच्चों के हिंदी, गणित, पर्यावरण, विज्ञान और सामाजिक विषय के ज्ञान को परखा गया। परीक्षा में नामांकित 45159 छात्रों में से 43225 छात्रों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा में प्रतिभागी छात्रों की उपस्थिति 95.7 प्रतिशत रही। सर्वाधिक उपस्थित 98.4% ब्लॉक मुरादनगर की रही। सबसे कम नगर क्षेत्र की 93.3% रही। परीक्षा में ओएमआर शीट पर स्वयं बच्चों द्वारा दिए गए उत्तरों को परख ऐप से शिक्षको द्वारा स्कैन करके राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित किया गया। तकनीकी और अन्य समस्याओं के समाधान हेतु जनपद स्तर पर और ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, समस्त एसआरजी एवं एआरपी परीक्षा के दौरान विद्यालयों के भ्रमण पर रहे।

# गाजियाबाद दिनांकः 13/12/2024 नगर निकाय उपनिर्वाचन वार्ड,19 व वार्ड, 21 में प्रयोग होने वाली ईवीएम का किया रेंडमाइजेशन







संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** कलेक्ट्रेट परिसर, एडीएम ई कार्यालय में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में नगर निकाय उपनिर्वाचन वार्ड,19 व वार्ड 21 में प्रयोग होने वाली ईवीएम का प्रत्याशियों/राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बसपा और आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के प्रतिनिधि/प्रत्याशियों सहित अपर जिलाधिकारी प्रशासन, जिला सूचना अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# महामहिम राष्ट्रपति महोदया भारत सरकार राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** गौतम बुद्ध नगर में चार आंदोलन कारी नेता जिनको तनहाई में रखा गया ससम्मान रिहा कोने जाने के संबंध में।महामहिम को अवगत कराया जाता है कि गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश में आंदोलन कारी नेताओं को अंग्रेजी हकूमत से कठोर सजा दी जा रही है। दिनांक 10 दिसम्बर को अखबार के माध्यम से पता चला है कि चार आंदोलन कारी किसान नेताओं को तनहाई में रखा गया है। तो मैं मास्टर सौराजा राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन सीकशक्ति गौतम बुद्ध नगर के जेल प्रशासन और गौतम बुद्ध नगर के समस्त प्रशासन की अवगत करा देना चाहता हूं कि यह नयी रीति न





चलाएं। यह कोई जुल्मी नहीं है आंदोलन कारी हैं।
इन्होंने कोई तोड़ फोड़ या आगजनी जिले में नहीं की है ती इतनी सजा क्यों दी जा रही। इसलिए कि जिले में कोई आगे अपने अधिकार की आवाज न उठा सके तो मैं पुलिस प्रशासन को बता देना चाहता हूं कि प्राधिकरण के उन अधिकारियों कि भी जांच खोलने के लिए लिखे जिन्होंने ने किसानों के अधिकारों का हनन किया है।
आज तक कोर्ट के आदेश होने के बावजूद 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा व 10 प्रतिशत आवासीय प्लाट, कुछ को दे देना और कुछ को नहीं देना, यमुना हाईवे का तो बिलकुल भी नहीं देना आवादी शिफ्ट व आवादी निस्तारण, सर्किल रेट न बढ़ाना, 2013 के कानून का संपूर्ण रूप से लाभ न देना। यमुना का किसान यमुना प्राधिकरण में ही गैर पुस्तैनी की श्रेणी में रखा जना ।
महानगर तो बना दिया परंतु महानगर जैसी कोई भी सुविधा जैसे कि रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा,परिवहन आदि की कोई सुविधा नहीं सहानगर होते हुए आज भी गांव का जीवन जी रहे हैं गाँव जैसी ही सुविधा हैं परंतु स्वामित्व योजना के तहत एक गाँव में भी चरौनी नहीं बलाई गई तो इन सभी अधिकारियों की भी जांच कराई जाए। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति यह मांग कर रही है और नहीं तो आआंदोलन की परमीशन दी आए। और सभी आंदोलन कारियों को स सम्मान रिहा किया जाए।

# 13 दिसंबर 2024 भैरव घाट, श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा हरिद्वार ,मां बगलामुखी महायज्ञ स्थल से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी ने सम्पूर्ण राजनीति और न्यायपालिका को दी चुनौती

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज अपने शिष्यों और जूना अखाड़े के संतों के साथ हरिद्वार में श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के भैरव घाट पर सनातन धर्म की रक्षा व इस्लाम के जिहाद के समूल विनाश हेतु मां बगलामुखी महायज्ञ कर रहे हैं।महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी अपने शिष्यों के साथ 19,20 और 21 दिसंबर को धर्म संसद का भी आयोजन कर रहे हैं।उनकी धर्म संसद का मुख्य







विषय इस्लाम के जिहाद से सम्पूर्ण मानवता को बचाने की रणनीति तैयार करना है।अभी से उनकी विश्व धर्म संसद को रोकने की हर तरह की कोशिश की जा रही हैं।
अपने विरोधियों की इन कोशिशों से क्षुब्ध होकर आज महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने महायज्ञ स्थल से भारत के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री,विपक्षी नेताओं और न्यायपालिका को चुनौती देते हुए कहा कि उन्हें सत्य बोलने से रोका जा रहा है।उनकी जिन बातों को विवादित बताया जाता है,वो बाते इस्लाम के इतिहास के गहन अध्ययन और वैश्विक जनसंख्या के बिगड़ते हुए अनुपात की गणितीय गणना पर आधारित हैं।इन्हीं आधारों पर ये तय है कि जो हालत आज बांग्लादेश के हिंदुओं की है,वो ही हालत आज से 20 या 25 वर्ष बाद भारत के हिंदुओं की हो जाएगी।यदि भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या गृहमंत्री या भारत के मुख न्यायाधीश उन्हें लिख कर ये गारंटी दे दे कि ऐसा नहीं होगा तो वो मां गंगा के जल में समाधि ले लेगे।यह बात उन्होंने मां और महादेव सहित अपने शिष्यगणो,महायज्ञ की अग्नि और मां गंगा को साक्षी मानकर शपथ पूर्वक कही। इस अवसर पर उनके साथ महायज्ञ में मुख्य यजमान सहदेव भगत जी और विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ उदिता त्यागी जी के साथ ही श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के कोठारी श्रीमहंत महाकाल गिरी जी महाराज, श्रीपरशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, सुप्रसिद्ध कथावाचक पवन कृष्ण शास्त्री,यति रामस्वरूपानंद, यति सत्यदेवानंद, यति नित्यानंद,यति निर्भयानंद,यति रणसिंहानंद, यति परमात्मानंद, यति अभयानंद के साथ बड़ी संख्या में साधु संत भी उपस्थित थे।

# 14.12.2024 को किया जायेगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार दिनांक 14.12.2024 दिन शनिवार को समय प्रात 10.00 बजे स्थान जिला एवं शस्त्र न्यायालय जिला कचहरी गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जनपद गाजियाबाद में जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद श्री अनिल कुमार-७



के निर्देशन में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस लोक अदालत में आपराधिक शमनीय बाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम श्रम विवाद भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वादकारी दीवानी, फौजदारी के लघु मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, मोटरयान चालान , पारिवारिक विवाद, उत्तराधिकार बाद एवं दांपत्य विवादों के प्री- लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण हेतु वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कर सकते हैं।

# गाजियाबाद में आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन, विधायक ने किया उद्घाटन

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** 13 दिसंबर 2024 कवि नगर के केजी-35 में राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के नेतृत्व में बुजुर्गों के लिए विशेष आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना के तहत आयोजित इस कैंप में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के उदघाटन कर्ता मुख्य अतिथि गाजियाबाद के नवनिर्वाचित विधायक और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी उपस्थित रहे।कैंप का उद्घाटन करते हुए संजीव शर्मा ने कहा, ?प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक




वरदान है। यह न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाती है बल्कि समाज के बुजुर्गों को सम्मान और सुरक्षा भी प्रदान करती है। ऐसे कैंप गाजियाबाद को एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक अजीत पाल त्यागी ने इस सुन्दर आयोजन के लिए राष्ट्रीय व्यापार मंडल और सभी कार्यकताओं को बधाई एवं धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि व्यापार मंडल के साथियों द्वारा भविष्य में भी ऐसी पहलें जारी रहेंगी।?कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुजुर्ग लाभार्थियों ने हिस्सा लिया। मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए और योजना के लाभों की जानकारी दी गई। कैंप में तकरीबन 200 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक थी। साथ ही, स्वास्थ्य जांच की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसमें ब्लड प्रेशर और शुगर की




जांच की गई। जिन लोगों को आवश्यकता थी, उन्हें डॉक्टरों द्वारा निशुल्क दवाएं भी प्रदान की गईं।आयोजन को सफल बनाने में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता (बालू भाई) और राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी और पश्चिम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अशोक भारतीय ने अहम भूमिका निभाई। प्रदीप चौधरी ने कहा, ?यह कैंप बुजुर्गों के सम्मान और बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमारी छोटी सी पहल है। हमारा लक्ष्य हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस कार्यक्रम में अन्य प्रमुख लोगों की उपस्थिति ने इसे और भी प्रभावशाली बना दिया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में बाबूजी जगदीश साधना, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री अशोक गोयल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रभारी विवेक त्यागी, मेरठ मंडल अध्यक्ष अजय सिंघल, लोहा विक्रेता अध्यक्ष अतुल जैन, सौरभ यादव, पार्षद राज कुमार नागर, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद विनीत दत्त, राजीव अग्रवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, रितेश शर्मा, पार्षद शिवम शर्मा, शैलेंद्र सक्सेना, अनिल मेहरा, रघुनंदन भारद्वाज, मधु शर्मा, नीता भार्गव, काजल छिब्बर, समीर शर्मा, आलोक गर्ग, नीरज शर्मा, डा. ओ. पी. अग्रवाल, मंगल चौधरी, डा. ज्ञानेंद्र सिंह, निशा चौहान, आशु पंडित, सचिन सोनी, रजत सिंगल, दीपक शर्मा, विशाल जैन, ज्योति तोमर, प्रवीण भाटी, और सोनू भाटी शामिल रहे।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने इस आयोजन में पूरे जोश और समर्पण के साथ योगदान दिया। यह कार्यक्रम पार्टी की उस प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जिसके तहत हर जनहितकारी योजना को सफल बनाने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता निरंतर प्रयासरत रहते हैं। इस आयोजन ने गाजियाबाद के बुजुर्गों के लिए नई उम्मीद जगाई है और इसे सभी ने सराहा।

# 17 दिसंबर मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान कार्ड श्री हनुमान मंदिर पर बनेंगे अशोक कुमार गोयल

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** श्री हनुमान मंदिर घंटाघर पंजाब नेशनल बैंक के पास दिनांक 17 दिसंबर को 11:00 बजे से 2:00 बजे तक 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के 5 लाख रुपए की निशुल्क चिकित्सा हेतु आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे इस निमित्त जिनकी उम्र 70 वर्ष से ज्यादा है अपना आधार कार्ड जो मोबाइल पर रजिस्टर्ड हो उसे लेकर श्री हनुमान मंदिर पर 11:00 बजे से 1:30 बजे तक पधारे। इस शुभ कार्य के लिए वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ गाजियाबाद व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान गाजियाबाद एवं अपनापन फाउंडेशन रसोई सेवा का सहयोग आयोजन हेतु मिल रहा है आपसे विनम्र निवेदन है इस अवसर का लाभ उठाएं जो भी अपने परिवार में रिश्तेदारी में या समाज में 70 वर्ष के अधिक आयु के बुजुर्ग हैं उनको निशुल्क चिकित्सा का ₹500000 का कार्ड बनवाने का लाभ दिलाए। निवेदक डॉ ओ पी अग्रवाल 9312975077 नानक चंद गोयल 9891106060 आर के गोयल 9810705342 अशोक भारतीय विनोद गोयल रमतेराम, अशोक अरोड़ाराजेश बंसल , अजय चोपड़ा , संजीव अग्रवाल , चो मंगल सिंह रमेश खजांची उपेंद्रगोयल एन के गोयल अमरदत्त शर्मा विपुल अग्रवाल अमिता गोयल , सरिता यादव निभा श्रीवास्तव रेखा गुलाटी एवं हम सब । स्वल्पाहार साथ में लेवे। अशोक कुमार गोयल 98102421आर के आर्य स्वदेशी चौक, रघुबीर सोनी , कपिल गर्ग विजय नगर माया भारती'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011